

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 247 | बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 | आश्विन माह, शुक्ल, एकादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया

एक नजर



विजयादशमी पर देशभर में गूंजा शुभकामनाओं का संदेश

नई दिल्ली। आज देशभर में विजयादशमी यानी दशहरा का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने अपने संदेशों में विजयादशमी को सत्य, धर्म और अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए लोगों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजयादशमी के अवसर पर देश और विदेश में रहने वाले भारतीयों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की रावण पर विजय की स्मृति में मनाया जाने वाला यह पर्व विशेष महत्व रखता है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु श्रीराम को धर्म और नैतिक आचरण का स्वरूप माना जाता है। विजयादशमी अधर्म और अन्याय पर धर्म एवं न्याय की विजय का उत्सव है।

ट्रेन में मोबाइल पर तेज आवाज में वीडियो चलाया तो होगी कार्रवाई



नई दिल्ली। ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल पर तेज आवाज में गाने सुनना या वीडियो चलाना अब परेशानी का कारण बन सकता है। आपकी पसंद का संगीत दूसरे यात्रियों के लिए सिरदर्द बन रहा है तो रेलवे इस पर कार्रवाई की दिशा में कदम उठा रहा है। रेलवे जोन यात्रियों को सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के जरिए जागरूक करेंगे और मोबाइल का इस्तेमाल करते समय दूसरों की सुविधा का ध्यान रखने की अपील करेंगे। दक्षिण रेलवे ने छह अक्टूबर को इस संबंध में परिपत्र जारी कर अपने मंडलों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। रेलवे के निर्देशों के अनुसार, ट्रेनों और रेलवे परिसरों में मोबाइल फोन के स्पीकर पर तेज आवाज में संगीत या वीडियो चलाने से बचने की अपील की जाएगी। तेज आवाज में बातचीत करने से भी आसपास के यात्रियों को परेशानी होती है। ऐसे व्यवहार पर कार्रवाई की संभावना जताई गई है। नियमों के उल्लंघन पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना और छह महीने तक की कैद का प्रावधान है।

राफेल F-5 प्रोजेक्ट में फ्रांस को बड़ा झटका, 3.9 अरब डॉलर की डील टूटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



पेरिस/अबू धाबी। ग्लोबल डिफेंस मार्केट में उस समय हलचल मच गई थी जब फ्रांस के सबसे महत्वाकांक्षी 'सुपर राफेल' यानि Rafale F5 फाइटर जेट प्रोजेक्ट से संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने अचानक अपने हाथ खींच लिए। इस फैसले के बाद फ्रांस को अब इस अरबों डॉलर के प्रोजेक्ट का पूरा वित्तीय बोझ अकेले ही उठाना होगा। कभी फ्रांस और यूएई की यह डिफेंस पार्टनरशिप दुनिया की सबसे मजबूत साझेदारियों में गिनी जा रही थी लेकिन 'टेक्नोलॉजी ट्रांसफर' और सोर्स कोड के पेंच ने इस डील को बीच में ही तोड़ दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक यूएई 'सुपर राफेल' F5 के बचे हुए विकासलागत में करीब 3.5 अरब यूरो यानि करीब 3.9 अरब डॉलर का फंड देने के लिए तैयार था। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत करीब 5 अरब यूरो आंकी गई है। लेकिन पिछले साल दिसंबर में अबू धाबी में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के दौरान बात पूरी तरह बिगड़ गई।

यूएई के साथ डील टूटने के बाद फ्रांसीसी वायुसेना ने भी फिलहाल एफ-5 के बजाए एफ-4 वैरिएंट के साथ ही जाने का फैसला किया है। UAE के इस कदम के बाद फ्रांस ने F5 के विकास का काम अकेले ही आगे बढ़ाने का फैसला किया है। 'ला ट्रिब्यून' के अनुसार 2025 में राफेल F5 फाइटर जेट की फंडिंग को लेकर कई महीनों तक चले गतिरोध के बाद इमैनुएल मैक्रों की अबू धाबी यात्रा का मकसद इस अत्याधुनिक तकनीक वाले प्रोग्राम के विकास को लेकर दोनों देशों की उम्मीदों को स्पष्ट करना था। यह अमीरात (UAE) के लिए बहुत दिलचस्पी का विषय था क्योंकि वे नई तकनीकों को अपनाने के काफी शौकीन हैं। लेकिन फ्रांसीसी प्रस्ताव के बाद शेख मोहम्मद बिन जायद बहुत नाराज हो गये थे और यह बैठक 'बहुत खराब रही थी।' खबरों के मुताबिक मैक्रों इस डील के टूटने से काफी नाराज थे और उन्होंने अपनी झुंझलाहट 'डायरेक्शन जेनरेल डे ल'आर्मामेंट' (DGA) और फ्रांसीसी चीफ ऑफ स्टाफ पर निकाली। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यूएई का सरकारी रक्षा समूह EDGE ग्रुप तेजी से एक अमेरिकी शैली की आक्रामक और आत्मनिर्भर ग्लोबल डिफेंस फर्म के रूप में उभर रहा है। यूएई अपने रक्षा क्षेत्र को संप्रभू बनाना चाहता है जिसके तहत वह हर बड़े प्रोजेक्ट में पूरी तकनीक अपने हाथ में लेना चाहता है।

भारत पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेड डील से लेकर होगी बातचीत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो तीन दिवसीय भारत दौरे पर मुंबई पहुंचे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद हैं। रुबियो की इस यात्रा में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते और रूस से तेल खरीदने का मुद्दा अहम एजेंडे में शामिल है। इस दौरे पर दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों और रणनीतिक सहयोग को लेकर चर्चा पर नजर रहेगी।

मंगलवार को रुबियो के मुंबई पहुंचने की खबर के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की संभावनाओं पर भी चर्चा तेज है। रुबियो ने इससे पहले संकेत दिया था कि समझौता अंतिम चरण के करीब है।

भारत दौरे से पहले रुबियो ने कहा, 'हम इस समय भारत के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं।इस साल रुबियो की यह दूसरी भारत यात्रा है। अमेरिकी विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देशों के संबंधों में लगातार तनाव बना हुआ है। इससे पहले मई में अपनी पिछली यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत की थी तथा 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लिया था।

मंगलवार दोपहर मुंबई में जयशंकर और रुबियो के बीच होने वाली बैठक में भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा होने की उम्मीद है। जयशंकर से मुलाकात के अलावा रुबियो का मुंबई में 26/11 आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए ताज स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करने का भी कार्यक्रम है। इस हमले में 160 से अधिक लोगों की जान गई थी जिनमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। अमेरिका के शीर्ष राजनयिक अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक स्वागत समारोह में भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह कहा था, 'चर्चा में ऊर्जा, व्यापार और निवेश, रक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों और आपसी हित के अन्य क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख पहलुओं को शामिल किए जाने की उम्मीद है।


धनेटा-शीशगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो घायल

ट्रक को ओवरटेक करते समय सुल्तानपुर गांव के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मीरगंज। शाही थाना क्षेत्र में धनेटा-शीशगढ़ मार्ग पर सुल्तानपुर गांव के पास मंगलवार शाम करीब 7:20 बजे ट्रक को ओवरटेक करते समय दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दोनों मृतकों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दियापुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 डीडी 7093 का चालक ट्रक को दाहिनी तरफ से ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 सीवी 8164 से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा सुल्तानपुर गांव के पास हुआ।एक मोटरसाइकिल पर सुल्तानपुर निवासी चंद्रपाल (22) पुत्र नत्थू लाल और बकैनिया वीरपुर निवासी अर्जुन (20) पुत्र बुद्ध सेन सवार थे। वहीं, दूसरी मोटरसाइकिल पर धनेटा निवासी अंकित (19) पुत्र जयपाल और राजेश (30) पुत्र कृष्ण पाल सवार थे।दुर्घटना में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हालांकि, रास्ते में अंकित निवासी धनेटा और अर्जुन निवासी बकैनिया वीरपुर की मौत हो गई।घटना की सूचना से मृतकों के परिवारों में शोक छा गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।थानाध्यक्ष शाही आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि हादसे में घायलों को पुलिस द्वारा एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया।रास्ते में ले जाते वक्त अंकित



निवासी ग्राम धनेटा और अर्जुन निवासी ग्राम बकैनिया बीरपुर की मृत्यु हो गई।परिजनों को सूचना दे दी गई है।

श्रद्धा दुबे केस पर अखिलेश का तंज: यह मामला सरकार को ले डूबेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की संदिग्ध मौत और फरार चल रही चर्चित मॉडल श्रद्धा दुबे प्रकरण ने उत्तर प्रदेश की सियासत में भूचाल ला दिया है। लखनऊ के हजरतगंज इलाके में हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद से पुलिस की लचर कार्यप्रणाली और नाकामी लगातार सवालों के घेरे में थी। अब इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर बेहद तीखा और बड़ा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यह कोई सामान्य मामला नहीं है, बल्कि यह चर्चित केस अंततः इस सरकार को ले डूबेगा।

सपा मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण की तुलना कानपुर के कुख्यात बिकरू कांड से कर डाली। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उस समय भी अपराधियों की गाड़ी नहीं पलटी थी और सरकार को बचाया गया था, यह मामला भी कुछ वैसा ही प्रतीत होता है। अखिलेश यादव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस हाईप्रोफाइल केस में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं और मुख्य आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे का कनेक्शन कई रसूखदारों और नामचीन चेहरों के साथ सामने आ रहा है।हैरानी की बात यह है कि घटना के इतने दिन बीत जाने और पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित करने के बाद भी खाकी उसे ढूंढने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। एक तरफ जहां पुलिस श्रद्धा की तलाश में हाथ-पैर मार रही है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस को खुली चुनौती देते हुए श्रद्धा लगातार एक के बाद एक वीडियो जारी कर रही है।

यूपी विस चुनाव की प्रियंका गांधी ने संभाली कमान, 150 सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। दोनों दलों के साथ आने की अटकलों के बीच कांग्रेस ने सीट बंटवारे को लेकर अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कह चुके हैं। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में पार्टी की तैयारियों की कमान संभाल ली है।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस प्रदेश की उन विधानसभा सीटों की पहचान कर रही है, जहां पार्टी अपनी दावेदारी मजबूत मानती है। पार्टी के भीतर इन सीटों को लेकर मंथन चल रहा है। चर्चा है कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में 150 से अधिक सीटों पर अपना दावा पेश कर सकती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सक्रिय नजर आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को उन्होंने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इमरान मसूद के साथ बैठक की।

बताया जा रहा है कि बैठक में उन विधानसभा सीटों पर चर्चा हुई, जहां कांग्रेस अपनी दावेदारी पेश करना चाहती है। पार्टी स्तर पर सीटों की सूची तैयार करने और चुनावी संभावनाओं का आकलन करने की कवायद चल रही है। सीटों को लेकर दोनों दलों के बीच बातचीत की तैयारी भी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में समाजवादी पार्टी के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा के लिए कांग्रेस की ओर से एक टीम गठित की जा सकती है। योजना के मुताबिक, पहले कांग्रेस और सपा अपनी-अपनी दावेदारी वाली सीटों की सूची तैयार करेंगी और एक-दूसरे के साथ साझा करेंगी।

आरएसएस स्थापना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई



जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने राष्ट्र-प्रथम की भावना, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज के उत्थान के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री ने संघ को अपने परिश्रम और सेवाभाव से आगे बढ़ाने वाली विभूतियों को भी नमन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम और सेवाभाव से संघ को सींचा और संवारा है।

पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ अपने शताब्दी वर्ष की यात्रा पूरी की है। उनके मुताबिक, अनगिनत स्वयंसेवकों ने समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र-प्रथम की भावना से समाज के उत्थान के लिए कार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की यह भावना आने वाले समय में भी देश को अधिक सशक्त और मजबूत बनाने में योगदान देगी।

चेतावनी आतंकवाद से निपटने को लेकर डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकता

एससीओ बैठक में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खोटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



दुशांबे: भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा है कि 'आतंकवाद सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है।' राजनाथ सिंह जब आतंकवाद पर बयान दे रहे थे उस वक्त पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री इशाक डार भी वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा 'आतंकवाद सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है। इससे ना सिर्फ निर्दोष जीवन को हानि पहुंचती है बल्कि निवेश को भी नुकसान होता है।' उन्होंने कहा 'आतंकवाद समाज में कट्टरपंथ को फैलाता है और उन अवसरों से लोगों को वंचित करता है जिसके वो हकदार हैं।'

राजनाथ सिंह ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में कहा 'आतंकवाद से निपटने में कोई दोहरा मापदंड नहीं हो सकता है। और उन लोगों के लिए ये जगह नहीं हो सकती है जो आतंकवाद को फंड मुहैया करवाते हैं या सुरक्षित जगह मुहैया करवाते हैं। आतंकवाद के पूरे इको-सिस्टम को मजबूती से समाप्त किया जाना चाहिए।

सके अलावा उन्होंने चीन को भी सुनाया है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कनेक्टिविटी के लिए चाबहार बंदरगाह पर जोर दिया। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है) की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं में क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दुशांबे शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के शासनाध्यक्षों की बैठक के दौरान ताजिकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसुलजोदा और ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ़ से मुलाकात की है। रसुलजोदा के साथ हुई अपनी बैठक के बारे में जानकारी देते हुए राजनाथ सिंह ने बताया कि उन्होंने भारत और ताजिकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक संबंधों और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे जुड़ाव पर जोर दिया। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्री ने कहा 'दुशान्बे में SCO शासनाध्यक्षों की बैठक की शुरुआत के मौके पर ताजिकिस्तान के प्रधानमंत्री महामहिम कोहिर रसुलजोदा से मिलकर खुशी हुई। मैंने भारत और ताजिकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच गहरे जुड़ाव पर जोर दिया।'

इंटरनेट नहीं चाहिए तो डेटा का खर्च क्यों: TRAI ने बदले रिचार्ज नियम

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। मोबाइल रिचार्ज कराने वाले ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने रिचार्ज प्लान से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इसके तहत मोबाइल कंपनियों को ऐसे प्लान भी उपलब्ध कराने होंगे, जिनमें सिर्फ फोन कॉल और एसएमएस की सुविधा होगी। यानी जिन लोगों को इंटरनेट डेटा की जरूरत नहीं है, उन्हें केवल कॉलिंग और मैसेज के लिए रिचार्ज का विकल्प मिलेगा। इससे ग्राहकों को अपनी जरूरत के हिसाब से प्लान चुनने में आसानी होगी।

TRAI ने 22 सितंबर 2026 को टेलीकॉम कंज्यूमर प्रोटेक्शन (तेरहवां संशोधन) रेगुलेशंस, 2026 जारी किया। इसका उद्देश्य ऐसे ग्राहकों को ज्यादा विकल्प देना है, जो मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करते या जिन्हें केवल कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा चाहिए। नियामक ने कंपनियों को अलग-अलग अवधि वाले वॉइस और एसएमएस प्लान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कई मोबाइल कंपनियां 28 दिन की वैधता वाले रिचार्ज प्लान देती हैं। ऐसे में ग्राहकों को पूरे साल मोबाइल सेवा चालू रखने के लिए कई बार रिचार्ज कराना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर, 300 रुपये का रिचार्ज अगर 28 दिन के लिए है, तो साल में 13 रिचार्ज कराने पर कुल खर्च 3,900 रुपये होगा।

अगर इसी कीमत पर 30 दिन की वैधता वाला प्लान उपलब्ध हो और ग्राहक साल में 12 बार रिचार्ज कराए, तो खर्च 3,600 रुपये होगा। इस हिसाब से 300 रुपये की बचत हो सकती है। हालांकि, यह केवल उदाहरण है। वास्तविक बचत कंपनी के प्लान, कीमत और वैधता पर निर्भर करेगी। TRAI के नए नियम का मतलब यह नहीं है कि सभी मौजूदा रिचार्ज प्लान की वैधता अनिवार्य रूप से 30 दिन कर दी गई है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



रावण का अंत: अस्थियां ले जाने को उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पश्चिमी। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के पर्व विजयदशमी पर मंगलवार को कस्बे में उत्सव का माहौल रहा। रामलीला मैदान में आयोजित मेले में चल रहे रामलीला मंचन के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने एक साथ 31 बाणों का प्रहार कर बुराई के प्रतीक लंकापति रावण का वध किया। रावण का अंत होते ही पूरा मैदान जयकारों से गूँज उठा। मंचन के बाद शाम करीब साढ़े आठ बजे मंच के निकट खुले मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतले में अग्नि प्रज्वलित होते ही लपटें आसमान की ओर उठीं और चारों ओर घेरा बनाकर खड़े लोगों ने हर्षध्वनि के साथ इस दृश्य को देखा। दहन के दौरान एक अलग नज़ारा भी देखने को मिला। रावण की अस्थियाँ प्राप्त करने के लिए घेरे में खड़े लोग अचानक आगे बढ़ आए और देखते







ही देखते भीड़ टूट पड़ी। मौके पर तैनात पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते, उससे पहले ही लोग पुतले की सभी अस्थियाँ लेकर वहाँ से निकल गए। दशहरा मेले में कस्बे के साथ ग्रामीण अंचल से भी भारी संख्या में लोग जुटे। कुरतरा, अगरास, टिटौली, केरा, लोहारनगला, खिरका, उनासी, मनकरी, चिटौली, भोलापुर, मीरापुर, रहपुरा जागीर, रूकुमपुर, रसूला चौधरी और माधौपुर सहित अनेक गाँवों से ग्रामीण दोपहिया और चौपहिया वाहनों से मेला स्थल पहुँचे। मेले में सजी तरह-तरह की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई और दुकानदारों के चेहरे खिले रहे। झूलों पर बच्चों और महिलाओं की भारी भीड़ रही। झूला संचालकों के लिए भी यह मेला कमाई के लिहाज़ से अच्छा रहा। मेले में मीरगंज के विधायक डॉ. डीसी वर्मा भी मेला मैदान पर पहुँचे। कमेटी के अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान, महिपाल सिंह, संजय चौहान, सचिन गुप्ता, लेखपाल आदित्य गंगवार, कौशल शर्मा, सुनील पांडेय, जतिन चौहान, सुरेश गुप्ता , पवन पांडे ,सभासद अबोध सिंह, सचिन चौहान, सुनील कुमार, , मुदित प्रताप सिंह, प्रदीप गर्ग और गंगाराम यादव सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार और चौकी प्रभारी आदेश कुमार भारी पुलिस बल तथा पीएसी के जवानों के साथ पूरे समय मुस्तैद रहे।

बुराई पर अच्छाई की विजय, धू धू कर जला अहंकारी रावण

बहेड़ी। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी परंपरागत रूप से बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। घरों में गाय के गोबर के दस सिरों वाले रावण के प्रतीक स्वरूप बनाए गए। वणिक वर्ग में पुराने बही खातों की जगह नये बही खाते बनाए गए। मेला श्री राम लीला में अयोध्या से आए कलाकारों ने राम- रावण के युद्ध का भावपूर्ण मंचन किया गया। सायंकाल मेला परिसर के बीचोबीच खड़े किए गए रावण के पुतले का दहन किया गया। श्रीराम के स्वरूप वाले कलाकार द्वारा जैसे ही एक वाण चलाया गया, पुतला धू धू कर जल उठा और पूरे परिसर में श्रीराम का उद्घोष गूंज उठा। पुतला दहन देखने को लोगों की भीड़ उमड पड़ी। पुतले के अस्थि पंजर बटोरने की लोगों में होड़ लग गयी। इस मौके पर मेला कमेटी के प्रमोद अग्रवाल, विवेक गर्ग, महेश शर्मा, विनोद दुबे, अरूण अग्रवाल, महेश शर्मा, अवधेश रस्तोगी, हरीश शर्मा, के अलावा कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। पुतला दहन से पहले राम- रावण युद्ध को जमीन पर उतारा गया। इसके बाद प्रतीक रूपी लंका में आग लगाई गई। तत्पश्चात पुतला दहन किया गया। इस दौरान एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, सीओ अरूण कुमार तथा कोतवाल दिनेश शर्मा मौजूद रहे।

मानस स्थली में हर्षोल्लास से मनाया गया विजयदशमी पर्व

फरीदपुर (बरेली)। विजयदशमी का पर्व आवासीय विद्यालय मानस स्थली में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधानाचार्य ए के त्रिपाठी ने विद्यालय ट्रस्ट के सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को भगवान राम के चरित्र को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए बताया कि जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और धर्म का मार्ग न छोड़ने पर अंतत : विजय श्री की प्राप्ति सुनिश्चित होती है। इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में रावण का पुतला दहन किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने भगवान राम की आरती उतारी। वहीं छात्र-छात्राओं व अतिथियों ने सुंदर आकाशीय आतिशबाजी व स्वादिष्ट खाद्य व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मानस स्थली के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश गोयल कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र शर्मा, वरिष्ठ सदस्य, प्रेमशंकर अग्रवाल, अंशुल गुप्ता, शाश्वत अग्रवाल, प्रेरणा शर्मा व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, अतिथियों स्टाफ व छात्र-छात्राओं को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया व विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं।

धू-धू कर जला कुंभकर्ण का विशाल पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नगर के विशाल दशहरा मेला में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव में कुंभकर्ण वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला के समापन के बाद पंचैली नदी के किनारे कुंभकर्ण के विशाल पुतले का आकर्षक आतिशबाजी के बीच दहन किया गया। इस मनमोहक दृश्य को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा मेला परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

रामलीला मंचन के दौरान दिखाया गया कि भगवान श्रीराम की सेना के हाथों रावण की सेना को लगातार पराजय का सामना





करना पड़ रहा था। ऐसे में रावण ने अपने विशालकाय भाई कुंभकर्ण को निद्रा से जगाकर युद्धभूमि में जाने के लिए कहा। जागने के बाद कुंभकर्ण ने रावण को समझाया कि भगवान श्रीराम कोई साधारण मानव नहीं, बल्कि दिव्य शक्ति से संपन्न हैं। इसके बावजूद भाई के आग्रह और कुल की मर्यादा निभाने के लिए कुंभकर्ण युद्धभूमि में पहुंच गया। युद्धभूमि में कुंभकर्ण और भगवान श्रीराम की सेना के बीच भीषण युद्ध हुआ। अंत में भगवान श्रीराम ने कुंभकर्ण का वध कर दिया। इस प्रसंग का कलाकारों ने प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को रामायण के इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम से रूबरू कराया। लीला समाप्त होने के बाद पंचैली नदी के किनारे कुंभकर्ण के विशाल पुतले का दहन किया गया। पुतले में आग लगते ही वह धू-धू कर जलने लगा और आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। आतिशबाजी का अद्भुत नजारा देखने के लिए नदी किनारे बड़ी संख्या में लोग जमा रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह दिखाई दिया। विशाल पुतले का दहन और भव्य आतिशबाजी मेले के प्रमुख आकर्षण रहे। पूरा वातावरण धार्मिक उल्लास और उत्साह से सराबोर नजर आया।

बास्केटबॉल महासंग्राम में 45 टीमें होंगी शामिल

फरीदपुर (बरेली)। आवासीय विद्यालय मानस स्थली के दशरथ स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल कोर्ट पर 22 से 24 अक्टूबर तक इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बास्केटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन होगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बरेली और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका वर्ग की करीब 45 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने के साथ खेल भावना, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित करती हैं।

मीरगंज में 109 जोड़ों का सामूहिक विवाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को मीरगंज के श्रीराम बैंक्वेट हॉल में 109 जोड़े वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत करेंगे। समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित समारोह में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराए जाएंगे, जबकि मुस्लिम समाज के 27 जोड़ों का निकाह पढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सामूहिक विवाह समारोह में नगर पंचायत मीरगंज के 11 जोड़े, नगर पंचायत शाही के पांच जोड़े और विकासखंड मीरगंज के 93 जोड़े शामिल होंगे। इस तरह कुल 109 जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे। समारोह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना और उनके परिजनों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी आनंद विजय यादव, एडीओ समाज कल्याण आसिम अली और लेखपाल कमलजीत सहित अन्य अधिकारियों ने श्रीराम बैंक्वेट हॉल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार प्रत्येक पात्र जोड़े के विवाह पर एक लाख रुपये की सहायता का प्रावधान कर रही है। इसमें 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में दिए जाएंगे, जबकि 21 हजार रुपये विवाह उपहार एवं शेष 15 हजार रुपये भोजन, टेंट और आयोजन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाएंगे। योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक ढंग से संपन्न कराना और आर्थिक अभाव के कारण परिवारों के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करना है। बुधवार को आयोजित होने वाला यह समारोह 109 जोड़ों के लिए नई जिंदगी की शुरुआत का अवसर बनेगा।

▶ बुधवार को श्रीराम बैंक्वेट हॉल में सजेगा सामूहिक विवाह का मंडप, प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

नाहल नदी की पुलिया के पाइप खिसके, जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ सिधौली में खेतों तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता बदहाल, अस्थायी रास्ते से गुजर रहे ग्रामीण, प्रशासन से जल्द मरम्मत की मांग

मीरगंज। तहसील क्षेत्र के सिधौली गांव में नाहल नदी पर बनी पुलिया के सीमेंट के पाइप तेज जलप्रवाह के चलते अपनी जगह से खिसक गए हैं। इससे ग्रामीणों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। खेतों तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण किसान रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं। नदी में पानी का बहाव तेज होने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीणों ने दो ह्यूम पाइपों के ऊपर सीमेंट का खंभा रखकर अस्थायी रास्ता बनाया है। इसी संकरे रास्ते से किसान, महिलाएं, बच्चे और अन्य ग्रामीण नदी पार कर रहे हैं। रास्ते पर संतुलन बिगड़ने या पैर फिसलने से सीधे नदी में गिरने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद खेतों तक पहुंचने का दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में इस जोखिम भरे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।मंगलवार को रास्ता और अधिक बाधित होने पर ग्रामीणों ने पुलिया की मरम्मत कराने की मांग उठाई। सूचना मिलने पर सिधौली गांव के प्रधान/प्रशासक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी ग्राम सचिव और लेखपाल को दी, ताकि क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराया जा सके।सिधौली निवासी प्रवेंद्र दिवाकर ने बताया कि पुलिया के पाइप काफी समय से क्षतिग्रस्त हैं। गांव के कई किसान रोजाना इसी रास्ते से अपने खेतों तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। तेज जलप्रवाह के बीच अस्थायी रास्ते से गुजरना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से क्षतिग्रस्त पुलिया की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते रास्ता दुरुस्त नहीं कराया गया तो किसी दिन गंभीर हादसा हो सकता है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग ग्रामीणों की इस समस्या पर कब तक कार्रवाई करता है।



आरएसएस ने किया शस्त्र पूजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पूर्वी (बरेली)। दशहरा के पावन पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर में आरएसएस द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें नगर के व्यापारी समाज भी शामिल हुए। मुख्य रूप से आयोजन सुखदेव पाठक शिवनंदन शंखधार अध्यक्ष संजय पाठक डॉक्टर यशपाल सिंह व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल आचार्य मुकेश शर्मा संघ के बड़े पदाधिकारी सुरेश शर्मा कामराज मिश्रा मनोज मिश्रा अनूप मिश्रा सुधीर मिश्रा रवि प्रकाश मिश्रा कैलाश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

अभिनंदन : राज्य सभा सांसद धर्मपाल सिंह से मिले बरेली के शिक्षक, फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया

शेरगढ़। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद धर्मपाल सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संघ के जिला पदाधिकारियों और विभिन्न ब्लॉकों से आए प्रतिनिधियों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा के प्रतिनिधित्व में मंत्री धर्मपाल सिंह को सरकार द्वारा निर्विरोध राज्यसभा सांसद मनोनीत किए जाने पर बधाई दी। इस दौरान सांसद ने धर्मपाल सिंह ने शिक्षक दल की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक होना समाज के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। जिसका हम पूरे दिल से अभिनंदन,वंदन करते हैं और उनको सादर दिल से प्रणाम करते हैं। बैठक में आयोजित होने वाले स्वागत सम्मान समारोह को लेकर व शिक्षक वर्ग को उनके संघर्षमय जीवन व संबंधित क्रियाकलापों से सम्बंधित काफी सकारात्मक चर्चा की गई। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित रहे। इनमें जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा,जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता,ब्लॉक अध्यक्ष शेरगढ़ विशेष गंगवार,ब्लॉक मझगवां बनवारी लाल राठौर, मंत्री हरपाल सिंह गंगवार,जैनेन्द्र कुमार जिला संगठन मंत्री, शिवओम यादव जिला प्रचार मंत्री,ऋषि कुमार शर्मा,रजनीश वर्मा,तेजपाल सिंह,संतोष कुमार शर्मा,कुंवर पाल सिंह वर्मा,मनोज मौर्य,ब्लॉक मझगवां मंत्री अरुण कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

कैंट विधायक ने 21 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

▶ क्षत्रिय राजपूत महासभा ने विजयदशमी पर आयोजित किया शस्त्र पूजन एवं अलंकरण समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार को क्षत्रिय राजपूत महासभा की ओर से बदायूं रोड स्थित बंधन बारात घर में शस्त्र पूजन एवं अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने मेधावी विद्यार्थियों और समाजसेवियों सहित 21 प्रतिभाओं को पटका पहनाकर स्व. राजवीर सिंह स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने समाजसेवियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की। सम्मानित होने वालों में आरके सिंह, बार एसोसिएशन के महासचिव गौरव राठौड़, बाल कल्याण समिति की मजिस्ट्रेट डॉ. राखी चौहान, कवि भारतेंदु सिंह, सभासद श्याम सिंह चौहान, समाजसेवी बंटी ठाकुर, आरती सिंह, रिदम भदौरिया, प्राची सिंह, पलक सिंह, साक्षी सिंह, सिद्धि तोमर, दिव्यांशी सिंह, आयुषी सिंह, अहम चौहान, आराध्या चौहान, आकृति, अंशिका और प्रतीक शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव अग्रवाल ने मां लक्ष्मी और भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद महासभा के पदाधिकारियों के साथ विधिवत शस्त्र पूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एके चौहान ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। समारोह के संयोजक ठाकुर ऋषिपाल सिंह ने कहा कि राजपूत समाज की अनदेखी को लेकर महासभा चिंतित है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधान महासचिव आलोक चौहान संघर्षी ने उत्तर प्रदेश में भी बिहार की तर्ज पर सवर्ण आयोग के गठन की मांग उठाई। इस अवसर पर डॉ. सीपीएस चौहान, इंजीनियर एके चौहान, धीरेंद्र वीर सिंह धीरू, अरविंद चौहान, अजय प्रताप सिंह अज्जू भैया, महासचिव देवेंद्र सिंह, जगत पाल सिंह चौहान, केपी सिंह भदौरिया, प्रेमपाल सिंह तोमर, राकेश चौहान, महेश कठेरिया, बसंत कुमार सिंह चौहान, अनिल सिंह, एनएस पंवार, प्रमोद सिंह, जगदीश सिंह, मुनेंद्र सिंह, राम कुमार सिंह चौहान, राकेश भदौरिया, अतुल सिंह, बुद्धपाल सिंह, अशोक सिंह, रामेंद्र सिंह भदौरिया, हरवीर सिंह, ओंकार सिंह रघुवंशी सहित महासभा के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



शस्त्र पूजन एवं अलंकरण समारोह में सम्मानित करते हुए। -जागरण मोर्चा



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



जिलाधिकारी ने विशेष अभियान दिवस तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों के संबंध में करी बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें–जिलाधिकारी
- 24 अक्टूबर के विशेष अभियान दिवस की तैयारियों को समय से पूरा करने के दिए निर्देश

बरेली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आगामी 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस तथा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक कर लें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को स्पष्ट रूप से समझा दें, जिससे विशेष अभियान दिवस पर सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से कर सकें। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान बीएलओ के रूप में कार्य कर चुके कार्मिकों को प्राथमिकता के आधार पर ड्यूटी में लगाया जाए, ताकि उन्हें कार्य का अनुभव होने के कारण अभियान के संचालन में सुविधा रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सोशल मीडिया टीम का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा आवश्यक सूचनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बीआरसी पर सतत निगरानी बनाए रखें। यदि किसी बीआरसी के स्तर से लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी मतदान बूथों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जांच कर लें। बूथों पर यदि कोई कमी हो, तो उसे समय रहते दूर कराया जाए। प्रत्येक बूथ पर कैमरे की स्थिति सही होनी चाहिए तथा ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और व्यवस्थाओं की प्रभावी निगरानी के लिए इन सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वगणना से संबंधित प्रशिक्षण को शत-प्रतिशत सम्पन्न कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित कार्मिकों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जाए। स्वगणना से संबंधित उपलब्ध कराए गए फ्लोचार्ट को कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाए तथा आमजन को इसकी प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जाए, जिससे अभियान के प्रति जागरूकता बढ़े। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इसकी सफलता के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समयसीमा में सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित समस्त उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। थाना नवाबगंज क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म और धमकी देने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने, शारीरिक शोषण करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार, करीब डेढ़ वर्ष पहले किशोरी की मां के इंस्टाग्राम अकाउंट पर युवक की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसके बाद युवक किशोरी से बातचीत करने लगा। आरोप है कि मई 2026 में युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां का आरोप है कि युवक ने किशोरी का अश्लील वीडियो भी बना लिया और किसी को घटना बताने पर जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि युवक कई बार किशोरी को अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। किशोरी के गर्भवती होने पर उसे गर्भपात की दवा खिलाने का भी आरोप है। मां के अनुसार, जुलाई 2026 में युवक किशोरी को आंवला क्षेत्र के मनौना ले गया, जहां उसे दो दिन तक कमरे में रखकर उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता की मां का कहना है कि बेटी से घटना की जानकारी मिलने के बाद जब उन्होंने आरोपी से बात की, तो उसने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। पीड़िता के पिता राइस मिल में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। मां ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की ओर से तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

रावण दहन स्थलों पर पहुंचे अधिकारी, व्यवस्था परखी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। दशहरा पर रावण दहन कार्यक्रमों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को नए एसपी सिटी चिराग जैन ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के हार्टमैन स्कूल और अशरफ खां छावनी स्थित रावण दहन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। वहीं, जोगी नवादा स्थित वनखंडी नाथ मंदिर रामलीला ग्राउंड में पुतलों के आसपास लगी दुकानों को हटवाकर जगह खाली कराई गई।

एसपी सिटी चिराग जैन ने आयोजन स्थलों पर पहुंचकर आयोजकों से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा। उधर, वनखंडी नाथ मंदिर रामलीला ग्राउंड में तीन रावण के पुतले लगाए गए हैं। इनके आसपास दुकानें होने से दहन के दौरान आग फैलने का खतरा था। इस पर एएसपी शिवम आशुतोष, बारादरी इंस्पेक्टर और मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दुकानदारों से पुतलों के पास लगी दुकानें हटवा दीं और मेला कमेटी को सुरक्षा संबंधी जरूरी निर्देश दिए। आपात स्थिति से निपटने के लिए रामलीला ग्राउंड में दमकल की एक गाड़ी भी तैनात की गई है। अधिकारियों ने आयोजकों को निर्देश दिए कि रावण दहन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, ताकि कार्यक्रम बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हो सके।

नदी में नहाने गए किशोर की डूबकर हुई मौत

फरीदपुर (बरेली)। थाना फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम सहोड़ा कला निवासी अवनीश (14) पुत्र कुंवरपाल की नदी में नहाते समय डूबकर मौत हो गई। मंगलवार को परिजन उसे मृत अवस्था में सीएचसी फरीदपुर लेकर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पिता कुंवरपाल ने बताया कि उनका इकलौता बेटा नदी में नहाने गया था नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। परिजन बेसुध अवस्था में उसे लेकर सीएचसी फरीदपुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने लिखित रूप से पुलिस से पोस्टमार्टम कराने को इनकार कर दिया और शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए।

राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार आईसीयू में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार की सोमवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। सिविल लाइंस स्थित आवास पर खाना खाते समय वह बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल गांधी उद्यान के पास स्थित गंगाचरण अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के बाद उन्हें होश आ गया। एहतियातन उन्हें आईसीयू में रखा गया है। चिकित्सकों के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे राज्यमंत्री अपने आवास पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गए। उन्हें इस हालत में देखकर परिजन घबरा गए। बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। कुछ समय बाद उनकी हालत में सुधार हुआ और उन्हें होश आ गया। राज्यमंत्री के प्रतिनिधि शुभम मेहरोत्रा ने बताया कि डॉ. अरुण कुमार सोमवार सुबह जल्दी उठ गए थे। देर रात उन्हें कमजोरी महसूस हुई, जिसके बाद अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि अब उनकी हालत ठीक है और चिकित्सक उनकी निगरानी कर रहे हैं। राज्यमंत्री के भाई एडवोकेट अनिल कुमार सक्सेना ने भी उनके स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचार के बाद उनकी तबीयत बेहतर है और फिलहाल चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है। राज्यमंत्री की अचानक तबीयत बिगड़ने की खबर से उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में चिंता फैल गई। हालांकि, उपचार के बाद होश आने और हालत स्थिर होने की जानकारी मिलने पर परिजनों और समर्थकों ने राहत की सांस ली।

4 लाख रुपये के लेनदेन में धोखाधड़ी का आरोप रकम मांगने पर धमकी देने की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- इज्जतनगर थाने में पीड़ित ने दी तहरीर, रुपये वापस दिलाने और परिवार की सुरक्षा की लगाई गुहार

बरेली। रुपये के लेनदेन को लेकर इज्जतनगर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला सामने आया है। सनसिटी विस्तार निवासी भूपेंद्र गिरि गोस्वामी ने सुरेंद्र कश्यप पर चार लाख रुपये की रकम वापस न कराने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर रकम वापस दिलाने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। भूपेंद्र गिरि गोस्वामी के अनुसार, मई 2026 से उनकी सुरेंद्र कश्यप से जान-पहचान थी। आरोप है कि 25 अगस्त को सुरेंद्र ने उनकी मुलाकात संजयनगर की मेगा सिटी निवासी आलोक रस्तोगी से कराई। इस दौरान बताया गया कि आलोक को जरूरत के चलते एक महीने के लिए चार लाख रुपये चाहिए। शिकायत में भूपेंद्र ने करीब चार लाख रुपये देने की बात कही है, जिसमें डेढ़ लाख रुपये नकद दिए जाने का भी जिक्र है।

पीड़ित का आरोप है कि तय समय पूरा होने पर जब उन्होंने आलोक से रकम वापस मांगी तो उसने रुपये मिलने से ही इनकार कर दिया। इस पर भूपेंद्र ने सुरेंद्र कश्यप से जवाब मांगा और अपनी रकम लौटाने को कहा। आरोप है कि इसके बाद सुरेंद्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी और पैसे लौटाने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। भूपेंद्र ने यह भी आरोप लगाया है कि रास्ते में कई बार उन्हें घेरने की कोशिश की गई। इससे उन्हें अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता होने लगी। उन्होंने सात अक्टूबर 2026 को इज्जतनगर थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, रकम वापस दिलाने और परिवार की सुरक्षा की मांग की। फिलहाल मामले में आरोपों की पुष्टि और पुलिस की कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। आरोपित पक्ष का बयान भी सामने नहीं आया है।

अवसाद में आकर अधेड़ ने दी जान

बहेड़ी। तनावपूर्ण जिंदगी से आजिज आकर एक व्यक्ति ने पेड़ से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के आग्रह पर पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, गांव सियाठेरी निवासी पूरन लाल (55) बीते काफी दिनों से अवसाद की स्थिति में जी रहे थे। मंगलवार को बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर औरंगाबाद में एक खेत किनारे खड़े शहतूत के पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर पूरन लाल ने जान दे दी। पुलिस को दी गई सूचना में मृतक के बेटे वेदप्रकाश ने बताया कि उसे घटना की जानकारी गांव गुलड़िया सुक्खी निवासी प्रताप सिंह के जरिये मिली। पुलिस के पहुंचने के बाद परिजनों के आग्रह पर शव का पंचनामा भरने के बाद सुपुर्द कर दिया गया।

ढाबे पर विवाद के बाद फायरिंग, व्यापारी का बेटा घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



- तीन गोलियां हाथ में लगीं, आरोपी के सिर में भी आई गंभीर चोट, लाइसेंसी रिवॉल्वर पुलिस ने कब्जे में ली

बरेली। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर फरीदपुर स्थित मुंशी ढाबे पर सोमवार रात खाना खाने के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि शराब के नशे में एक व्यक्ति ने खाद व्यापारी के बेटे पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से कई गोलियां चला दीं। तीन गोलियां लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, मारपीट के दौरान आरोपी के सिर में भी गंभीर चोट आई। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरीदपुर निवासी खाद व्यापारी अमरपाल गुप्ता के मुताबिक, उनका 30 वर्षीय बेटा अंकित गुप्ता सोमवार रात अपने साथी प्रेम शर्मा के साथ मुंशी ढाबे पर खाना खाने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद खल्लपुर निवासी राजेश प्रताप सिंह शराब के नशे में प्रेम शर्मा से गाली-गलौज करने लगा। अंकित ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन मामला बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान राजेश ने लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर अंकित पर फायरिंग कर दी। तीन गोलियां उसके हाथ में लगीं, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। अचानक हुई गोलीबारी से ढाबे पर अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। बताया गया कि घटना के बाद अंकित ने आरोपी से रिवॉल्वर छीन ली और उसे अपनी गाड़ी में रखकर फरीदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से जानकारी ली। अंकित ने रिवॉल्वर पुलिस को सौंप दी। कुछ देर बाद राजेश प्रताप सिंह भी घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचा। उसके सिर में गंभीर चोट होने पर चिकित्सकों ने दोनों को बरेली रेफर कर दिया। राजेश के सिर में चोट किन परिस्थितियों में लगी, इसकी भी जांच की जा रही है। खाद व्यापारी अमरपाल गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने राजेश प्रताप सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस विवाद की वजह, फायरिंग और मारपीट के पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है।

दोहना अंडरपास में जलभराव, पटरी पार करने को मजबूर छात्र

- नाला बंद होने से दो-तीन फीट पानी भरा, किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न, शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय





बरेली। भोजीपुरा के ग्राम दोहना पीतामराय में जल निकासी बाधित होने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोहना रेलवे स्टेशन से सिद्धिविनायक कॉलेज और रेलवे लाइन के बीच स्थित पुराने नाले को बंद किए जाने के बाद बरसाती पानी की निकासी ठप हो गई है। नतीजतन दोहना अंडरपास में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। इससे कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, पुराने नाले को बंद करने के बाद नया नाला और पुलिया बनाने के लिए सड़क किनारे बंबे डाल दिए गए, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। इससे पानी की निकासी का रास्ता बंद हो गया। अंडरपास में पानी भरने के कारण वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि मजबूरी में कुछ छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर व्यस्त रेलवे पटरी पार कर रहे हैं। इससे किसी बड़े रेल हादसे की आशंका बनी हुई है।

जलभराव का असर केवल आवागमन तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के किसानों की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि में पानी भर गया है। धान समेत अन्य फसलों के जलमग्न होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण रेलवे संपत्ति को भी नुकसान पहुंचने की चिंता जताई जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, समस्या के समाधान के लिए पहले ग्राम पंचायत और उपजिलाधिकारी से शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक राहत नहीं मिली। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से नाले और पुलिया का निर्माण पूरा कराने तथा अंडरपास से जल निकासी की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

गाली का विरोध करने पर तमंचा तानने वाले पर मुकदमा दर्ज

उसावां। थाना क्षेत्र के पचदेवरा दीवाननगर गांव में घर के सामने गाली-गलौज करने से मना करने पर ग्रामीण के साथ मारपीट और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के मुताबिक, 22 अगस्त की शाम अनिल और उपदेश शराब के नशे में उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट की और तमंचा दिखाकर धमकाया। आरोप है कि 17 अक्टूबर की रात अनिल ने दोबारा उनके दरवाजे पर पहुंचकर गाली-गलौज की और धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने 18 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फर्जी वसीयत के आधार पर विमला देवी ने कराए कई बैनामे, अब वसीयत भी निरस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



इसी जमीन पर जता रहा हक जबकि सालों से संचालित है संस्था। -जागरण मोर्चा

▶ शेर अली जाफरी से जमीन का विवाद नहीं होने के बावजूद दर्ज कराया मुकदमा, 2013 में 20 बीघा जमीन का हुआ था बैनामा

वजीरगंज। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव सरौरी के पास स्थित खुसरो डिग्री कॉलेज की जमीन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि विमला देवी ने कथित फर्जी वसीयत के आधार पर जमीन के कई बैनामे करा दिए। अब संबंधित वसीयत भी निरस्त हो चुकी है। इसके बावजूद जमीन को लेकर विवाद और मुकदमेबाजी का मामला चर्चा में है। आरोप यह भी है कि शेर अली जाफरी से जमीन का कोई विवाद नहीं होने के बावजूद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जबकि धोखाधड़ी के मामले में दूसरे लोगों को भी नामजद किया गया। मामले के अनुसार, वर्ष 2013 में रामपुर निवासी कुसुमा देवी ने शेर अली जाफरी के नाम 20 बीघा जमीन का बैनामा कराया था। इस बैनामे के बाद जमीन के स्वामित्व को लेकर संबंधित दस्तावेज महत्वपूर्ण हो गए। आरोप है कि बाद में विमला देवी ने वसीयत के आधार पर जमीन पर अधिकार जताते हुए कई बैनामे करा दिए। अब वसीयत निरस्त होने के बाद उन बैनामों की वैधता और जमीन पर अधिकार को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

2019 में बैनामा कराने वाले जितेंद्र के दावे पर भी सवाल : मामले में जितेंद्र का नाम भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में जमीन का बैनामा कराने वाले जितेंद्र अब जमीन पर अपना हक जता रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब वर्ष 2013 में कुसुमा देवी ने शेर अली जाफरी के नाम 20 बीघा जमीन का बैनामा किया था, तो उसके बाद हुए बैनामों का आधार क्या था और जितेंद्र किस दस्तावेज के आधार पर अपना अधिकार बता रहे हैं। इन सवालों का जवाब संबंधित बैनामों, वसीयत और राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

दूसरी ओर, शेर अली जाफरी से जमीन का कोई विवाद नहीं होने के बावजूद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने का आरोप लगाया गया है। इसे लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोपों के मुताबिक, विमला देवी की ओर से कथित धोखाधड़ी की गई और मामले में दूसरे लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया।

खुसरो डिग्री कॉलेज के पास स्थित जमीन से जुड़े इस प्रकरण में अब वसीयत निरस्त होने के बाद पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, वसीयत निरस्त करने वाले प्राधिकारी, आदेश की तारीख, दर्ज मुकदमे की धाराओं और संबंधित पक्षों के आधिकारिक पक्ष की जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसलिए जमीन के अंतिम स्वामित्व और कथित धोखाधड़ी के आरोपों पर अंतिम निष्कर्ष संबंधित दस्तावेजों तथा जांच के आधार पर ही निकाला जा सकेगा।

किसान की संदिग्ध मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट अस्पष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक का फाइल फोटो।

सहसवान (बदायूं)। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव जरीफपुर गढ़िया में खेत पर काम करने गए एक किसान की ट्यूबवेल पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। देर रात उसका शव ट्यूबवेल पर मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। परिवार में मौत की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी बांकेलाल (45) पुत्र प्यारेलाल सोमवार शाम अपने खेत पर काम करने के लिए गए थे। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। तलाश करते हुए परिजन खेत पर स्थित ट्यूबवेल पर पहुंचे, जहां बांकेलाल मृत अवस्था में पड़े मिले। यह देखकर परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई जा रही थी।लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की पुष्टि न होने से मामला और भी गहरा हो गया है। विसरा सुरक्षित किया गया है। विसरा की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की पुष्टि हो सकेगी।

युवती से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने युवती और उसके परिजनों के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला की ओर से न्यायालय में दिए गए प्रार्थनापत्र के मुताबिक, घटना तीन सितंबर 2026 की शाम करीब साढ़े सात बजे की है। उसकी बेटी घर के बाहर बनी दुकान पर बैठी थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के दो युवक दुकान पर पहुंचे और सिगरेट मांगने के बहाने अंदर घुस गए। दोनों ने युवती को जमीन पर गिराकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी घर में घुस गए और डंडे से मारपीट करने लगे। आरोप है कि युवती को बचाने पहुंचे उसके भाई-बहन के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर आरोपियों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी महिला व उसके बच्चों के साथ मारपीट की। शोरगुल सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह पीड़ित परिवार को बचाया। महिला के अनुसार, मारपीट में उसकी बेटी को चेहरे, कान, नाक और सीने सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। महिला का आरोप है कि घटना की शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय के आदेश पर बिल्सी थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोर्ट के आदेश पर युवक पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड और सरिया से युवक को बेरहमी से पीटा था। हमले में उसका जबड़ा पांच जगह से टूट गया था। गंभीर हालत में उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां ऑपरेशन किया गया।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी, खेड़ा नवादा निवासी अखनिमा पत्नी सर्वेश कुमार के मुताबिक, उनका बेटा राज उर्फ कार्तिक नौ अगस्त 2026 को स्कूटी से दोस्त आकाश के साथ गंगाजल भरने गया था। रात करीब साढ़े आठ बजे उझानी में मेडिकल कॉलेज के पास यशवीर निवासी कटरा ब्राह्मपुर, उसकी पत्नी मोहिनी और दो अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने रॉड और सरिया से हमला किया। यशवीर ने जान से मारने की नीयत से राज के मुंह में सरिया घुसेड़ दिया, जिससे उसका जबड़ा टूट गया। इसके बाद आरोपी उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मकान विवाद में हुआ खूनी संघर्ष

▶ फावड़े और ईंटों से हमला करने का आरोप, युवती की हालत नाजुक, चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

ओरछी। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर में मकान के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट और ईंटों के हमले में युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवती पर फावड़े से हमला करते हुए लोग दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव परमानंदपुर में मकान को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी दौरान विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने छत से ईंटें बरसानी शुरू कर दीं। इसकी चपेट में आकर छत पर काम कर रहे राजमिस्त्री अनेक पाल पुत्र गजराम और मजदूर रमेश पुत्र हब्बल घायल हो गए। दोनों गांव परमानंदपुर के निवासी हैं। वहीं, देवेन्द्र की पुत्री रूबी को भी गंभीर चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ मारपीट का वीडियो

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवती पर फावड़े से हमला किए जाने का दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हमले में रूबी गंभीर रूप से घायल हुई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल है।

चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

घटना के बाद घायल युवती के पिता देवेन्द्र ने थाना फैजगंज बेहटा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फकीर चंद पुत्र नत्थू सिंह, नेमपाल, नन्हे और भूरा पुत्र फकीर चंद के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घटना में घायल तीनों लोगों को अस्पताल भेजकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति अभियानः महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय


मिशन शक्ति केंद्र को मॉडल के रूप में किया गया विकसित। -जागरण मोर्चा


महिलाओं को जागरूक करतीं महिला थाना मिशन शक्ति प्रभारी योगेंद्र सिंह।

बदायूं। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत मंगलवार को महिला थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने नगला शर्की मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सहायता के लिए सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डेस्ट्राय, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन मजनू, ऑपरेशन नशामुक्ति, ऑपरेशन रक्षा और ऑपरेशन ईगल के बारे में बताया गया। साथ ही महिला अपराधों की रोकथाम के लिए शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला पुलिस बीट अधिकारी, महिला साइबर सेल, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र और पिंक बूथ जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क बालिका शिक्षा योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

आपात स्थिति में इन नंबरों पर करें कॉल

महिलाओं और बालिकाओं को तत्काल सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। पुलिस सहायता के लिए 112, अग्निशमन सेवा के लिए 101, एंबुलेंस के लिए 108, महिला हेल्पलाइन के लिए 181, साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लिए 1076 नंबर की जानकारी दी गई। वहीं, महिला थाना स्थित मिशन शक्ति केंद्र की ओर से मंगलवार को थाने में सफाई अभियान चलाया गया। थाने को आकर्षक ढंग से सजाया गया। यहां आने वाली महिलाओं को भी मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य, सुरक्षा संबंधी उपायों और सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया।

विधवा और बेटे पर जानलेवा हमला

कुंवरगांव। पुरानी रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर विधवा महिला और उसके बेटे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को छह-सात टांके आए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बनगढ़ निवासी गुड़िया पत्नी टेना के मुताबिक, 10 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे पड़ोस में रहने वाले आरोपियों ने एकराय होकर उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने सरिया और फरसे से मां-बेटे पर हमला कर दिया। पीड़िता ने एक आरोपी पर तमंचा लेकर आने का भी आरोप लगाया है। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को बचाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अब भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इससे उन्हें खतरा बना हुआ है।

पेट्रोल पंप जाते समय सड़क हादसे में युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कादरचौक थाना क्षेत्र के भमुईया गांव निवासी बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देर रात असरासी और रमजानपुर गांव के बीच स्थित धर्मकांटे के पास हुआ। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की शादी महज चार माह पहले ही हुई थी। भमुईया गांव निवासी अमन पुत्र नन्नकू उर्फ सिद्दीकी देर रात बाइक से किसी जरूरी काम से जा रहे थे। इसी दौरान असरासी और रमजानपुर गांव के बीच धर्मकांटे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमन गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अमन को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। चार माह पहले ही अमन की शादी हुई थी। घर में खुशियों का माहौल अभी पूरी तरह खत्म भी नहीं हुआ था कि हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। कादरचौक थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हादसों को न्योता दे रही जर्जर सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय


सड़क पर हो रहे गहरे गड्ढे। -जागरण मोर्चा

आसफपुर। आसफपुर-शाहबाद मार्ग पर रेलवे स्टेशन के समीप पुलवाले महाराज के पास सड़क की हालत बेहद जर्जर हो गई है। पुल के दोनों ओर बड़े-बड़े गड्ढे होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे गड्ढों के साथ पेड़ों की टहनियां भी सफेद पट्टी से बाहर निकलकर सड़क तक आ गई हैं। इससे मार्ग पर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गड्ढों से बचने के लिए वाहन चालकों को सड़क पर इधर-उधर से निकलना पड़ता है। वहीं, किनारों पर भी गड्ढे होने और पेड़ों की टहनियां रास्ते में आने से वाहनों को साइड देने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। ऐसे में सामने से आने वाले वाहनों से टकराने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और वन विभाग इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। न तो सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराई जा रही है और न ही सड़क किनारे पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जा रही है। बताया जाता है कि करीब तीन महीने पहले इसी मार्ग पर टूटे पेड़ से बचने के प्रयास में एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। इसके बावजूद संबंधित विभागों ने सड़क की बदहाली और रास्ते में बाधा बन रहीं टहनियों को हटाने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और पेड़ों की टहनियों की छंटाई कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले समस्या का समाधान हो सके।

सौगात शासन ने दी निर्माण, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों को मंजूरी, ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन होगा आसान

एमएलसी वागीश पाठक के प्रयास रंग लाए, 15 करोड़ से बनेंगे 11 मार्ग

जागरण मोर्चा कार्यालय


एमएलसी वागीश पाठक।

बदायूं। जनपद में सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) वागीश पाठक के प्रयासों के बाद शासन ने करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से 11 महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को देखते हुए एमएलसी वागीश पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर विभिन्न संपर्क मार्गों के निर्माण, अधूरे मार्गों की कड़ियों को जोड़ने और जर्जर मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग उठाई थी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में शासन ने इन कार्यों को मंजूरी दी है।

स्वीकृत परियोजनाओं में रायपुर जगमन से शेखपुरा संपर्क मार्ग की छूटी कड़ी, उरैना से दामोदर गौंटिया संपर्क मार्ग की छूटी कड़ी, करियामई से खंडुआ वाया बसंतनगर सरकारी ट्यूबवेल संपर्क मार्ग, मेरठ-बदायूं मार्ग से राजकीय संघटक महाविद्यालय सहसवान तक मार्ग निर्माण और नागपुर-मिठामई मार्ग से मिठामई होते हुए भिलौलिया सतपुर सम्राट अशोक चक्र तक संपर्क मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा कुकरिया से बीरसहाय नगला संपर्क मार्ग, जैतपुर से ढोरनपुर संपर्क मार्ग की छूटी कड़ी, मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग से लधेड़ा चौराहे होते हुए खजुरिया प्राथमिक विद्यालय तक संपर्क मार्ग, सहानपुर से सिचौली संपर्क मार्ग, विक्रमपुर चौसेरा से रुदायन संपर्क मार्ग तथा सिद्ध बाबा प्राचीन शिव मंदिर मितरौली से फैजगंज बेहटा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को भी स्वीकृति मिली है।

किसानों, विद्यार्थियों और कारोबारियों को मिलेगा लाभ

इन परियोजनाओं के पूरा होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी, जबकि विद्यार्थियों को स्कूल और महाविद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी। संपर्क मार्गों के बेहतर होने से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही धार्मिक और सामाजिक महत्व वाले स्थलों तक पहुंचना भी आसान होगा। एमएलसी वागीश पाठक ने स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को शासन तक पहुंचाना उनका दायित्व है। बदायूं के विकास के लिए वह निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आगे भी जनता की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिल रही है। वहीं, क्षेत्रवासियों ने भी 11 मार्गों को स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री और एमएलसी वागीश पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

रामलीला मेले में वसूली के आरोप, सड़क पर लग रहीं ठेलियां

बदायूं। शहर में चल रहे रामलीला मेले की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दुकानों और ठेलियों को लगाने के नाम पर कथित वसूली के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि सड़क पर ठेलियां लगवाने के एवज में भी रुपये लिए जा रहे हैं। वहीं, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पर लाखों रुपये के गबन का आरोप भी लगाया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी के बावजूद सड़क पर ठेलियां लगने से जाम और आवागमन प्रभावित होने की आशंका है। मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में व्यवस्थाओं को लेकर निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता की मांग उठ रही है। फिलहाल, संबंधित आरोपों पर आधिकारिक जांच के निष्कर्ष सामने नहीं आए हैं।

बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पताल में गर्भवती की मौत, सील

30 हजार रुपये जमा कराने का आरोप, ओटी टेक्नीशियन संजय कुमार के संचालन में चल रहा था अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



गर्भवती महिला की मौत के बाद हंगामा करते परिवार के लोग। –जागरण मोर्चा



अस्पताल सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।



जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। –जागरण मोर्चा



इसी अस्पताल में हुई महिला की मौत।

बदायूं। शहर में बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे एक अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। महिला की मौत के बाद विभागीय टीम ने जांच की तो अस्पताल के संचालन को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। आनन-फानन में अस्पताल को सील करा दिया गया। वहीं, इस घटना ने जिले में बिना पंजीकरण और मानकों के विपरीत संचालित हो रहे अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, मोनी (30) पत्नी सुधीर मूल रूप से मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव सगराय की निवासी थीं। वर्तमान में वह सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एसके फील्ड में रह रही थीं। उनके पति आरओ का पानी वितरण करने का काम करते हैं। मोनी तीसरे बच्चे को जन्म देने वाली थीं। प्रसव के लिए उन्हें बदायूं स्थित अस्पताल ले जाया गया था। परिजनों के मुताबिक, उपचार के नाम पर उनसे 30 हजार रुपये जमा कराए गए। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की जांच की। आरोप है कि अस्पताल का संचालन बिना पंजीकरण किया जा रहा था और यहां प्रसव संबंधी सेवाएं भी दी जा रही थीं। अस्पताल का संचालन ओटी टेक्नीशियन संजय कुमार द्वारा किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, अस्पताल में उपचार के दौरान हुई लापरवाही और मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

मौत के बाद ही जागता है स्वास्थ्य विभाग!

जिले में अवैध अस्पतालों के संचालन को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। आरोप हैं कि कई अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सक और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के बावजूद प्रसव कराए जा रहे हैं। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ अस्पतालों पर पहले कार्रवाई और सीलिंग होने के बाद भी वे दोबारा खुल जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय स्तर पर जिले में 500 से अधिक फर्जी या अनियमित अस्पताल संचालित होने के दावे किए जा रहे हैं, हालांकि इस संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी तरह, पिछले छह महीनों में 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं की मौत होने का दावा भी किया गया है। इन आंकड़ों की पुष्टि के लिए स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक रिकॉर्ड और मृत्यु संबंधी विवरणों की जांच आवश्यक है। अस्पतालों के संचालकों और स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारियों के बीच कथित सांठगांठ तथा हर महीने मोटी रकम लेकर अस्पताल चलवाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच जरूरी है। फिलहाल गर्भवती की मौत के बाद अस्पताल सील किए जाने की कार्रवाई हुई है। अब देखना होगा कि विभाग अस्पताल के पंजीकरण, उपचार व्यवस्था और महिला की मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कदम उठाता है।

सुरक्षित प्रसव के नाम पर गर्भवती को घर ले गई थी महिला अस्पताल की कर्मचारी

- प्रसव के दौरान हालत बिगड़ने पर बदायूं अस्पताल में कराया भर्ती, परिजनों के हंगामे के बाद तीन महिलाएं गिरफ्तार
- स्वास्थ्य विभाग ने बिना पंजीयन संचालित अस्पताल सील किया


हंगामे के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

गर्भवती की मौत के बाद परिजनों के हंगामे की सूचना पर सिविल लाइंस थाना, सदर कोतवाली और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने निशा उर्फ गुड़िया, उसकी बेटी चांदनी और एक अन्य महिला कर्मचारी को गिरफ्तार कर थाने भेज दिया। वहीं, परिजनों की मांग पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कथित रूप से संचालित अस्पताल को सील कर दिया। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना पंजीकरण संचालित केंद्रों पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। जिले में बड़ी संख्या में अवैध अस्पताल संचालित होने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

जागरण मोर्चा कार्यालय

देवेश मिश्रा

बदायूं। महिला अस्पताल की एक कर्मचारी पर सुरक्षित प्रसव कराने के नाम पर गर्भवती महिलाओं को अपने घर ले जाकर प्रसव कराने का आरोप लगा है। मंगलवार को घर पर प्रसव के दौरान एक गर्भवती की हालत बिगड़ गई। इसके बाद कर्मचारी निशा उर्फ गुड़िया अपनी बेटी चांदनी के साथ उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां कुछ ही देर बाद महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का आरोप है कि महिला अस्पताल में कार्यरत निशा उर्फ गुड़िया सुरक्षित प्रसव कराने के नाम पर गर्भवती महिलाओं को अस्पताल से अपने घर ले जाती थी। वहां प्रसव कराने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती थी। प्रसव के दौरान जब महिला की हालत बिगड़ने लगती थी, तब उसे बहेड़ी स्थित बदायूं अस्पताल में भर्ती करा दिया जाता था। आरोप है कि पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।



मुकदमा दर्ज कर होगी कार्रवाई

इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद महिला अस्पताल के कर्मचारियों की भूमिका और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

70 पेटी शराब चोरी में सेल्समैन गिरफ्तार

कुंवरगांव, बदायूं। बनगवां गांव में देसी शराब की 70 पेटी चोरी होने की आशंका के मामले में पुलिस ने सेल्समैन संजीव कुमार के घर तलाशी ली। इस दौरान संदूक से 12 बोर की देशी बंदूक और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, संजीव कुमार पुत्र सत्यपाल निवासी बनगवां देसी शराब का सेल्समैन है। तलाशी के दौरान असलहा बरामद होने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश किया। वहीं, शराब की 70 पेटी चोरी होने की आशंका के मामले में जांच जारी है। शराब चोरी और असलहा बरामदगी से जुड़े तथ्यों की स्थिति जांच के बाद स्पष्ट होगी।

ट्यूबवेल के गाडर से लटका मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

- ससुराल से लौटते समय हुआ लापता, चार किलोमीटर दूर मिला मोबाइल, परिजनों ने लगाया हत्या कर शव लटकाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली (बदायूं)। कोतवाली क्षेत्र के हरदासपुर गांव के जंगल में सोमवार देर रात सरकारी ट्यूबवेल के गाडर से फंदे पर लटका अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी सूरजपाल (55) पुत्र सीताराम के रूप में हुई। उनकी बाइक घटनास्थल के पास खड़ी मिली, जबकि मोबाइल फोन करीब चार किलोमीटर दूर मिलने से मामला संदिग्ध हो गया। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सूरजपाल सोमवार को बाइक से रामपुर जिले के शाहबाद थाना क्षेत्र के नादरगंज गांव स्थित अपनी ससुराल गए थे। शाम को वह घर लौटने के लिए निकले, लेकिन देर रात तक नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की तो गांव के बाहर जंगल में सरकारी ट्यूबवेल के गाडर से उनका शव फंदे पर लटका मिला। पास में ही उनकी बाइक खड़ी थी।

चार किलोमीटर दूर मिला मोबाइल: घटनास्थल पर सूरजपाल का मोबाइल फोन नहीं मिला। तलाश करने पर मोबाइल कलावारे और नया गांव के बीच घटनास्थल से करीब चार किलोमीटर दूर मिला। मोबाइल फोन का इतनी दूर मिलना और शव का ट्यूबवेल के गाडर से लटका होना कई सवाल खड़े कर रहा है। परिजनों ने आशंका जताई कि सूरजपाल की हत्या करने के बाद मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटकाया गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज: घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। सूरजपाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

महिलाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिनावर (बदायूं)। थाना बिनावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलहत और घटपुरी में मिशन शक्ति टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। शारदीय नवरात्रि मिशन शक्ति फेज-6 के तहत दोनों ग्राम पंचायतों में मिशन शक्ति केंद्रों को मॉडल मिशन शक्ति केंद्र के रूप में विकसित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पंचायत घर बिलहत और ग्राम घटपुरी में आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को एकत्र कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए साइबर अपराध से बचाव के तरीके भी समझाए। टीम ने महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने किसी प्रकार की समस्या नहीं होने की बात कही और योजनाओं के प्रति संतुष्टि जताई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी बाबू सिंह, महिला हेड कांस्टेबल सोनिका सिंह, रुचि मिश्रा, फरहाना और नीलम पाल सहित महिला रिक्रूट कांस्टेबल स्वाति, आरजू और आरती मौजूद रहीं।

क्षत्रिय समाज ने विधि-विधान से किया शस्त्र पूजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद क्षत्रिय समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

बिसौली। अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयदशमी के पावन पर्व पर सोमवार को क्षत्रिय समाज की ओर से मोहल्ला ठाकुरान में शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। ठा. रामवीर सिंह के पैतृक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधि-विधान से शस्त्रों का पूजन कर अपनी गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ हुआ। समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान श्रीराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। शस्त्र पूजन में समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एडवोकेट ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र का समन्वय ही समाज और राष्ट्र की रक्षा का मूल मंत्र है। विजयदशमी का पर्व हमें सत्य, धर्म, मर्यादा और पुरुषार्थ के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। साथ ही यह अपनी प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने का संदेश भी देता है। कार्यक्रम में राजीव कुमार सिंह, एडवोकेट सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रवादी प्रताप सेना के मुकेश कुमार सिंह, हरिओम सिंह चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, आशीष कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, भोला सिंह, हरकेश सिंह, संत कुमार सिंह, वंश गोर, आदित्य प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, दुर्विजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुमित सिंह, पंकज सिंह, श्रीओम सिंह, शुभम सिंह, पीयूष कुमार सिंह, विजयवीर सिंह, आयांश, अनमोल, कृष्णपाल सिंह, माधव सिंह, सूरज सिंह, नीरज सिंह, प्रहलाद सिंह और अमन सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

बाइक सवार युवक से मारपीट तीन आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिनावर (बदायूं)। बिनावर थाना क्षेत्र के बिजयनगला गांव में बाइक से जा रहे एक युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, बिजयनगला गांव निवासी रुपेश पुत्र कृष्णपाल ने बताया कि 19 अक्टूबर 2026 को वह बाइक से जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही मुकुल पुत्र उमेश, अभि पुत्र महेश गुप्ता और राजन पुत्र उमेश ने कथित तौर पर उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार, मारपीट में उसके सिर और पीठ पर चोटें आई हैं।

घटना के बाद उसने बिनावर थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व विधायक की सपा में एंट्री की चर्चा पर यादव महासभा सख्त, दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- पार्टी नेतृत्व से पुराने मामलों की जांच कराने की मांग, संभावित ज्वाइनिंग को लेकर बढ़ी राजनीतिक हलचल

बिसौली। बदायूं की राजनीति में भाजपा के एक पूर्व विधायक के समाजवादी पार्टी में शामिल होने की चर्चाओं के बीच अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने विरोध के स्वर तेज कर दिए हैं। महासभा के पदाधिकारियों ने संभावित ज्वाइनिंग पर आपत्ति जताते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से संबंधित नेता की पृष्ठभूमि की जांच कराने और उसके बाद ही कोई निर्णय लेने की मांग की है।

महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि राजनीतिक दलों को किसी भी नेता को अपने संगठन में शामिल करने से पहले उसके पुराने कार्यकाल, आचरण और उससे जुड़े विवादों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उनके मुताबिक, यदि किसी नेता के खिलाफ गंभीर आरोप हैं तो उनकी अनदेखी कर उसे पार्टी में शामिल करना संगठन की साख के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी नेतृत्व को कार्यकर्ताओं और उन लोगों की भावनाओं का भी ध्यान रखना चाहिए, जो संबंधित नेता के कार्यकाल को लेकर आपत्तियां रखते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विरोध करने वाले लोग आगे की रणनीति तय करने के लिए मजबूर होंगे। महासभा ने साफ किया कि वह इस मुद्दे पर अपनी आपत्ति नेतृत्व तक पहुंचाती रहेगी। इस घटनाक्रम ने जिले के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को हवा दे दी है।

संभावित दल-बदल को लेकर जहां सियासी समीकरणों पर अटकलें लगाई जा रही हैं, वहीं महासभा के विरोध ने मामले को नया मोड़ दे दिया है। फिलहाल, पूर्व विधायक के समाजवादी पार्टी में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सपा नेतृत्व इस संबंध में क्या निर्णय लेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में इस मामले पर होने वाली राजनीतिक गतिविधियों पर सभी की निगाहें रहेंगी।

अवैध कब्जों के खिलाफ 12वें दिन भी धरना जारी

बदायूं। कथित अवैध कब्जों और जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) का मालवीय आवास गृह पर अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 12वें दिन भी जारी रहा। संगठन ने मांगें पूरी नहीं होने पर बरेली मंडल स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी। किसानों ने गांव बुटला दौलत के मजरा जनुइया में जमीन विवाद की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। वहीं, अब्बासी कॉलोनी से नई सराय जाने वाले रास्ते और नाले पर निर्माण से आवागमन बाधित होने की आशंका जताई। भाकियू ने सरकारी भूमि की पैमाइश कराकर कब्जा मिलने पर कार्रवाई और रास्ता सुचारु कराने की मांग की। समाधान नहीं होने पर मंडलायुक्त कार्यालय पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

दशहरा पर रावण मंदिर में विशेष पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



दशहरा के अवसर पर रावण की पूजा करते लोग। –जागरण मोर्चा

बदायूं। दशहरा पर्व पर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ब्राह्मण क्रांति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पं. अमन मयंक शर्मा के नेतृत्व में रावण मंदिर में भगवान शिव और शिवभक्त रावण की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान षोडशोपचार पूजन, मंत्र जाप, हवन और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। पं. अमन मयंक शर्मा, सुमित मिश्रा, सुमित शर्मा और शशिकांत रावत ने विधि-विधान से पूजन किया। पं. शर्मा ने रावण रचित शिव तांडव स्त्रोत का पाठ और गायन कर पूजन संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि रावण महान शिवभक्त और विद्वान थे। प्रत्येक व्यक्ति को उनकी विद्वत्ता, शिवभक्ति और अच्छाइयों से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने ब्राह्मण समाज से एकजुट रहने और किसी भी सदस्य के खिलाफ साजिश होने पर उसकी मदद करने का आह्वान किया। गौरव पाठक और शशिकांत रावत ने शिव तांडव स्त्रोत को रावण की शिवभक्ति का प्रतीक बताया। इसके बाद नेहरू चौक पर रावण शोभायात्रा के दौरान पं. अमन मयंक शर्मा ने रामलीला में रावण का किरदार निभाने वाले पं. परमानंद मिश्रा का तिलक कर, माला और पटका पहनाकर स्वागत किया तथा आरती की। इस मौके पर दक्ष सारस्वत, गीता शर्मा, रितेश उपाध्याय, अंजलि मिश्रा, वैदिक पाठक, काशी पाठक और अतुल शर्मा सहित दर्जनों शिवभक्त मौजूद रहे।

बच्चों की एकता का प्रतीक बना 8 फीट का रावण

सहसवान (बदायूं)। दशहरा पर्व पर नगर के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर में बच्चों ने अनूठे अंदाज में रावण दहन किया। बच्चों ने खुद करीब आठ फीट ऊंचा रावण तैयार कर उसका दहन किया। खास बात यह रही कि रावण बनाने में किसी बड़े की मदद नहीं ली गई। बच्चों ने बताया कि उन्होंने एक महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। स्कूल से लौटने के बाद रोज शाम खाली प्लॉट में जुटकर रावण बनाते थे। यूट्यूब से दस सिर, चेहरा और मुकुट बनाना सीखा। दिवाली के पटाखों के लिए मिले पैसों से रावण तैयार किया। दशहरे पर रावण को मोहल्ले में घुमाने के बाद दहन किया गया। स्थानीय निवासी सुमित महेश्वरी ने बच्चों के प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे टीम वर्क और संस्कृति से जुड़ाव की प्रेरणा मिलती है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

जेवर गिरवी रखने के विवाद में नवविवाहिता ने जीवनलीला की खत्म

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के टकेली गांव में जेवर को लेकर हुए विवाद के बाद 20 वर्षीय नवविवाहिता उपासना ने आत्मघाती कदम उठा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, पकड़िया हकीम गांव निवासी उपासना की शादी 21 अप्रैल 2025 को टकेली गांव निवासी गोविंद के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि 16 अक्टूबर को ससुर के निधन के बाद पिता के इलाज के लिए गिरवी रखे गए जेवर को लेकर सोमवार रात पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसके बाद उपासना ने अपनी जान दे दी। घटना से परिवार में शोक छा गया। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पति का शीश गोद में लेकर चिता पर बैठीं सुलोचना

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन में मंगलवार को सती सुलोचना का मार्मिक प्रसंग मंचित किया गया, जिसे देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ उमड़ी। कुंभकरण के वध से चिंतित रावण अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजता है। युद्ध से पहले मेघनाथ पत्नी सुलोचना से अंतिम विदाई लेकर निकुंभा देवी के मंदिर में यज्ञ करने पहुंचता है।



विभीषण की सलाह पर प्रभु श्रीराम मेघनाथ को युद्ध के लिए ललकारते हैं। यज्ञ छोड़कर युद्धभूमि में पहुंचे मेघनाथ का लक्ष्मण से घमासान युद्ध होता है, जिसमें लक्ष्मण के बाणों से उसका वध हो जाता है। मेघनाथ का कटा हाथ लंका पहुंचने पर सुलोचना सत्य की परीक्षा लेकर हाथ से लिखवाती हैं कि उसका वध लक्ष्मण ने किया है। पति की मृत्यु का समाचार सुनकर सुलोचना, मंदोदरी और रावण शोक में डूब जाते हैं। इसके बाद सुलोचना पति का शीश लेने रामदल पहुंचती हैं। प्रभु श्रीराम के आदेश पर लक्ष्मण उन्हें सम्मानपूर्वक मेघनाथ का शीश सौंपते हैं। सुलोचना शीश लेकर लंका लौटती हैं और पति के शीश को गोद में रखकर चिता पर बैठ जाती हैं। इस मार्मिक दृश्य को देखकर दर्शक भावुक हो उठे और कलाकारों के अभिनय की सराहना की।

इस अवसर पर मंचन सचिव एके व्यास, देवेश दीक्षित, संयुक्त सचिव अजय सक्सेना, निर्देशक अंकित सक्सेना, सहायक निदेशक सुहेल मोहम्मद, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, सुरक्षा पर्यवेक्षक राममोहन अग्निहोत्री, व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री, भोजन व्यवस्थापक रामकुमार दीक्षित, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित सक्सेना और मंच संचालक सतीश सक्सेना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आज के मंचन में रावण अंकित सक्सेना, मेघनाथ कौशलेंद्र पांडे विभीषण देवेंद्र पाल सुलोचना अनामिका मंदोदरी चांदनी, राम मोहित, लक्ष्मण अमित, अंगद संदीप आर्य, हनुमान अंकित अवस्थी, केसरी सौरभ मोहन, सुग्रीव सुभाष, नल पियूष, तार सूर्यांश, नील अर्जुन, सुषेण विनोद पांडे, एवं रामपाल चौबे, मनीष, नवनीत, रामविलास, अंशुल, शिवम आदि कलाकार मंच पर उपस्थित रहे।

पुवायां रामलीला: सैकड़ों साल पुरानी परंपरा के अनुसार मेघनाद वध

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां में चल रही श्री रामलीला मेला में कल लंका दहन की लीला मंचन के बाद आज रामलीला के कलाकारों के द्वारा आज सैकड़ो सालों की परंपरा के अनुसार दशहरा वाले दिन मेघनाथ वध की लीला का संजीव चित्रण किया गया। मेघनाथ वध की लीला में आज रामलीला कलाकारों के द्वारा लक्ष्मण के द्वारा मेघनाथ के साथ भयंकर युद्ध किया गया मायावी युद्ध में अजय माना जाने वाला मेघनाथ के द्वारा भीषण युद्ध के बाद लक्ष्मण को शक्तिबाण से मूर्छित कर दिया गया इसके बाद फिर लक्ष्मण जी हनुमान जी के द्वारा लाई गई संजीवनी बूटी से होश में आए और पुन: दूसरे दिन मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध में मेघनाथ की हार हुई और लक्ष्मण के द्वारा मेघनाथ का वध कर दिया गया मेघनाथ वध होते ही लीला देख रहे लोगों के द्वारा जय श्री राम जय सियाराम के नारे गुजरने लगे गौरतलब है कि पुवायां में तीन सौ साल से भी पुरानी रामलीला में दशहरा के दिन मेघनाथ का वध होता आया है और एकादशी के दिन रावण वध की लीला होती हैसमय बहुत बलवान होता है सोने की लंका को रावण जैसा महान पराक्रमी नहीं बचा पाया बचेगा कोई भी व्यक्ति को अहंकार के वसी भूत हो जाता है और अहंकार में अंधा होकर नीति या नीति का फर्क भूल जाता है। माता सीता का पता लगाने गए राम भक्त हनुमान के द्वारा राक्षसों द्वारा उकसाने पर अशोक वाटिका नष्ट कर डाली गई और रावण पुत्र अक्षय कुमार का भी वध कर दिया गया जब मेघनाथ ने आकर युद्ध किया और तब हनुमान ने ब्रह्मास्त्र का सम्मान रखने के लिए स्वयं को बंधन में बांध लिया और रावण के समक्ष पेश हुए तत्पश्चात रावण के द्वारा अहंकार में आकर हनुमान को ना पहचान कर उनकी पूछ में आग लगाने के आदेश किए गए हनुमान ने जलती हुई पूछ से पूरी लंका को जलाकर खाकर दिया पूरी लंका में सारी त्राहिमाम मच गई आज लंका दहन की लीला देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष बच्चों की भीड़ लगी रही और जय श्री राम के नारे भी भीड़ लगती रही।

दशहरा: शाहजहांपुर में भीषण जाम, रेंगते रहे वाहन

शाहजहांपुर। दशहरे के पा वन पर्व पर मंगलवार को शह र में महाजाम की स्थिति बन गई। शाम पांच बजे से शुरू हु आ जाम देर रात तक जारी र हा। इससे शहरवासियों और मेला देखने पहुंचे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विजयादशमी और रावण दहन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ निकले। इससे प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। लाल इमली चौराहे, टाउन हॉल और कचहरी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई जगह वाहन रेंगते नजर आए। त्योहारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस की व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुईं। जाम में एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी फंस गए। देर रात कार्यक्रम संपन्न होने और लोगों के लौटने के बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

स्थापना दिवस की तैयारियों के बीच पत्रकारों ने दिखाई एकजुटता, घायल साथी की आर्थिक मदद की

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के दूसरे स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए पत्रकारों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। जिसको लेकर रमपुरा स्थित ढाबे पर बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। उससे पहले पत्रकार संगठन के लोग सड़क दुर्घटना में घायल हुए पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय प्रभारी राशिद अल्वी का हालचाल लेने उनके आवास पर भी पहुंचे और संगठन की तरफ से आर्थिक सहायता भी की। ढाबे पर हुई चाय पर चर्चा के दौरान 16 नवंबर को संगठन की मनाए जाने वाली दूसरी वर्षगांठ की रूपरेखा बनी। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आफताब,महासचिव सिफत मियां, संरक्षक वीपी विद्यार्थी, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर और अभिषेक शर्मा के साथ-साथ महिला विंग की अध्यक्ष नेहा गुप्ता, उपाध्यक्ष विशाल जोशी, कोषाध्यक्ष फैजी खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुस्तफा अली, उपाध्यक्ष जहीर खान आदि रहे।



घायल पत्रकार को आर्थिक मदद देने घर पहुंचे पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य।

ठेला हटाने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के मंगोली गांव में ठेला हटाने को लेकर हुए विवाद में युवक और उसकी मां के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित भूपसिंह पुत्र राम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के ही सोमपाल और शंकरलाल ने ठेला हटाने की बात को लेकर विवाद किया। इसके बाद दोनों ने उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी मां को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मदरसा शिक्षकों से भाजपा को प्रथम वरीयता मत की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य मौलाना जिरगाम उद्दीन ने शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को प्रथम वरीयता का मत देने के लिए मदरसा शिक्षकों से अपील की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी शिक्षकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।

मौलाना जिरगाम उद्दीन ने कहा कि मदरसा शिक्षक भी शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं। वे बच्चों को शिक्षा और संस्कार देने के साथ-साथ समाज को जागरूक बनाने का कार्य करते हैं। ऐसे में शिक्षकों को अपने मताधिकार का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए और विधान परिषद में शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने वाले प्रत्याशियों का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने मदरसा शिक्षकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को प्रथम वरीयता का मत देकर अपना समर्थन व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाती है और उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने में सहायक होती है मौलाना जिरगाम उद्दीन ने कहा कि मदरसा शिक्षक समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाने और नई पीढ़ी का भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों की समस्याओं, उनके सम्मान और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक है। मेरा सभी मदरसा शिक्षक भाइयों से आग्रह है कि शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को प्रथम वरीयता का मत दें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।" उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों को एकजुट होकर शिक्षा के विकास, बेहतर शैक्षिक वातावरण और शिक्षक समाज की उन्नति के लिए प्रयास करना चाहिए। शिक्षक समाज की जागरूकता और सहभागिता से ही शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। अंत में मौलाना जिरगाम उद्दीन ने मदरसा शिक्षकों से अपील की कि वे चुनाव में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रथम वरीयता का मतदान करें।



शिक्षकों के हितों और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आगे आएं मदरसा शिक्षक : मौलाना जिरगाम उद्दीन

मीट विक्रेता पर अभद्रता का आरोप, तहरीर

शाहबाद। नगर के मोहल्ला दीवान निवासी एक महिला ने मीट विक्रेता पर अभद्रता और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला चांदनी के अनुसार, सोमवार को वह नगर स्थित एक दुकान पर मीट खरीदने गई थी। आरोप है कि दुकानदार मीट के अत्यधिक दाम मांग रहा था। इस पर महिला ने विरोध जताया तो विक्रेता ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज करने लगा। घटना से आहत महिला ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से शिकायत के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

आरएसएस के पथ संचलन में दिखा अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहाँपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना वर्ष एवं शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज पुवायाँ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, विभाग प्रचारक रवि प्रकाश,जिला संघचालक गोपीनाथ आदि ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान् श्री राम के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर शस्त्र पूजन से किया। पथ संचलन का शुभारंभ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज से होकर खुटार रोड, से पुवायां इण्टर कॉलेज और राजीव चौक होते हुए राजा मार्केट पहुंचकर, तिराहा बाजार होते हुए, बैंक आफ बड़ौदा रोड होकर सीधे डाक बंगला रोड पर संपन्न हुआ। जिसका स्थान -स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते स्वयंसेवकों ने नगर में राष्ट्रभक्ति, संगठन, सामाजिक एकता और राष्ट्रसमर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प व्यक्त किया। विभाग प्रचारक रवि प्रकाश जी ने संघ के शताब्दी वर्ष के उद्देश्यों तथा समाज जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों को रेखांकित किया गया। संघ द्वारा प्रतिपादित पंच परिवर्तन— सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य आज के समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकताएँ हैं। संघ के शताब्दी वर्ष का संदेश है कि राष्ट्र निर्माण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था का कार्य नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से संभव है। जब व्यक्ति अपने आचरण में अनुशासन, परिवार में संस्कार, समाज में समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यभाव अपनाता है, तभी एक सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होता है। मंचासीन पदाधिकारियों में कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सैनिक विजय कुमार अवस्थी, विभाग प्रचारक रवि प्रकाश, जिला संघचालक गोपीनाथ, जिला कार्यवाह, अमित भारद्वाज,नगर संघचालक सुशील श्रीवास्तव आदि रहे। इसके अतिरिक्त जिला प्रचारक चंद्र शेखर,खंड कार्यवाह शंभू सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र शुक्ला, सह जिला कार्यवाह विनोद कुमार, अभय कुमार,डॉ राकेश मिश्रा, ओमेंद्र सिंह फौजी,प्रधानाचार्य आदित्य मिश्रा, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, एम एल सी डॉ सुधीर गुप्ता,भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता,नगर प्रचार प्रमुख राजीव शर्मा, खंड संघचालक रामकुमार यादव,अरुण सिंह, उपेन्द्र पाल सिंह,कमल प्रकाश द्विवेदी, सोमदेव मिश्रा,कमलेश गुप्ता, दिनेश चंद्र अवस्थी,नगर सेवा प्रमुख संतोष वर्मा, प्रशांत पटेल,रवि सूर्या , प्रमोद चंद्र गुप्ता,शिवाजी शुक्ला, श्रीकृष्ण मिश्रा,अनुपम अग्निहोत्री, डॉ प्रदीप वैरागी सहित तमाम स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संक्षेप समाचार

सड़क हादसे में युवक ज़ख्मी, सीएचसी में भर्ती

शाहबाद। मंगलवार को शाहबाद तहसील क्षेत्र के दनियापुर गांव निवासी बंटू सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसे के बाद घायल को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और हालत स्थिर होने के बाद उन्हें घर भेज दिया।

बैटरा इनवर्टर चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार

खुदागंज। पंचायत घर से बैटरा इनवर्टर सहित अन्य उपकरण चोरी करने के मामले में पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद तीन चोरों की को गिरफ्तार कर लिया है जिनके पास से चोरी किया गया माल भी बरामद किया गया है जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया गया। विगत 15 अक्टूबर की रात्रि चरखौला के पंचायत घरका ताला तोड़कर उसमें रखे बैटरी इन्वर्टर कीबोर्ड मॉनिटर आदि उपकरण चोरी कर लिए थे और निकट के खेत में छुपा दिए थे गांव चरखौला निवासी मंजीत सिंह ने जिसकी तहरीर पुलिस को देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी मंगलवार को उक्त चोरों को पुलिस ने चर खौला गांव के निकट से गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने अपना नाम अवधेश पुत्र मटरू शिवम पुत्र राजवीर वह वह एक बाल अपचारी अमित पुत्र बलवीर बताया है सभी चरखौला गांव के निवासी हैं पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

यातायात नियम तोड़ने वाले 33 वाहनों के काटे चालान

शाहबाद। सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और हादसों को रोकने के लिए कोतवाली पुलिस ने मंगलवार देर शाम चेकिंग अभियान चलाया। क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 33 वाहनों के चालान काटे। इस अभियान के तहत बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना इंश्योरेंस, बाइक पर तीन सवारी और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस की कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले चालकों में खलबली मची रही। इस दौरान कोतवाल धनंजय सिंह, टीएसआई विश्राम सिंह आदि रहे।

अवैध ईदगाह गेट निर्माण पर पुलिस का अल्टीमेटम, नोटिस मिलने के बाद खुद गिराया निर्माण



पुवायां, शाहजहांपुर। निगोही रोड स्थित कब्रिस्तान ईदगाह में गेट निर्माण को लेकर हिंदू युवा संगठन के द्वारा प्रशासन पुलिस को संबोधित एक ज्ञापन कोतवाल को सोपा गया था कि 48 घंटे में यदि अवैध निर्माण नहीं गिराया गया तो हिंदू संगठन सभी के सहयोग से हटाएगा इसके बाद कोतवाल के द्वारा ईदगाह कमेटी के संरक्षक नईम खान को नोटिस देकर उक्त गेट निर्माण को बिना परमिशन होना बताते हुए नोटिस में कहा था कि यदि परमिशन नहीं है तो तत्काल अपना अवैध निर्माण खुद गिराले अन्यथा पुलिस के द्वारा गिरा दिया जाएगा उक्त नोटिस मिलने के बाद नईम खान के द्वारा आज ईदगाह मस्जिद का गेट के निर्माण को गिराया जा रहा है नइम खान ने बताया कि पुलिस की नोटिस मिलने के बाद उन्होंने सबकी सहमति से निर्माण गिरवा रहे हैं।

पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां का छात्र लापता

पुवायां, शाहजहांपुर। गांव पटई निवासी अरविंद कुमार के 15 वर्षीय पुत्र सोमिल के लापता होने पर पिता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमिल पुवायां इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ता है। 17 अक्टूबर की सुबह वह घर से बिना बताए कहीं चला गया। तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका है। अगर किसी को इस छात्र के बारे में जानकारी मिलती है तो पुवायां पुलिस को सूचित कर सकता है।

युवक को पीटकर स्कूटी और मोबाइल छीना

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। हरदीप सिंह पुत्र स्व० हाकिम सिहँ नि०ग्राम मैंनिया फार्म के द्वारा कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपने पुत्र की रास्ते में रोक कर कुछ दबंगों के द्वारा पिटाई करके मोबाइल और स्कूटी ले लेने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

अपने पुत्र को 19 अक्टूबर को इनायतपुर से अपने घर आ रहा था बिल्सा चौराहे के पास समय लगभग 7:00 बजे सुबह रामचन्द्र की चक्की के पास पहुँचा. कभी पुत्र को राजीव पुत्रगण सुरेन्द्र, सुरेन्द्र पुत्र जैसुख व अकित पुत्र सुरेश सर्व नि०ग्रामं बिल्सा नें उसे रास्ते में रोक लिया और माँ-बहन की अत्यंत अल्वील गालियाँ देने लगेजब उस के पुत्र ने गाली देने का विरोध किया. तो सभी विपक्षीगण एक राय होकर उस पर -घूंसों व लाठी-डन्डों से बुरी तरह मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर काफी गंभीर ने प्रार्थी के पुत्र को अपमानित करने तथा उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य श्री पगड़ी भी उतार दी तथा कहा कि तुम सरदारों को गाँव में नहीं रहने देंगे। इसी दौरान उसकी पहनी हुई चाँदी की चेन भी निकाल ली। तथा मोबाईल भी छीन लिया तथा उसकी स्कूटर अभी भी आरोपी के घर पर खडी है।

बिल्सा चौराहे पर सिख युवक से मारपीट, पगड़ी उतारने और चेन-स्कूटी लूटने का आरोप

शोर-शराबा सुनकर पीछे से आ रहे लोगों सर्वजीत सिहँ, आदिने मुश्किल से बचाया। तब तक वह भी बहाँ पहुँच गया उसनें भी देखा। जाते समय कह गए कि यदि दोबारा इस रास्ते से निकले या पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो जान से मार डालेंगे निकलने नहीं देंगे।

उसको विपक्षीगण द्वारा धमकी दी जा रही है कि यदि उसने पुलिस में आरोपियों के खिलाफ अपराध का मुकदमा दर्ज करवाया तो उसे विपक्षियों की धमकियों से उसका परिवार भयभीत है। इसकी लिखित तहरीर केआधार पर विपक्षीगण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पं जीकृत कर निष्पक्ष विवेचना कराई जाए, उसके पुत्र का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाए, व व मोबाईल बरामद कराई जाए तथा उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, हाईवे पर चेकिंग

पुवायां, शाहजहांपुर। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने मंगलवार को पुवायां-मोहम्मदी हाईवे पर फ्लाईओवर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को रोककर हेलमेट पहनने की हिदायत दी गई। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए गए। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चालकों में सतर्कता देखने को मिली। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। पुलिस ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

बिना तारीख बिल पर खरीद महासिर पंचायत में उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। ब्लॉक सिंधौली की ग्राम पंचायत महासिर में सामान की खरीद से संबंधित एक बिल सामने आया है, जिस पर सामान प्राप्त होने की तारीख अंकित नहीं दिखाई दे रही है। इससे सवाल उठ रहा है कि आखिर खरीदा गया सामान पंचायत को किस दिन प्राप्त हुआ और उसका इस्तेमाल कब किया गया? एम/एस खान एंटरप्राइजेज के नाम से जारी बिल में विभिन्न सामग्रियों की मात्रा, दर और भुगतान का विवरण दर्ज है, लेकिन सामान प्राप्त होने की तारीख स्पष्ट न होने से खरीद की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकारी धन से की गई खरीद में बिल के साथ सामान की आपूर्ति और प्राप्ति का स्पष्ट रिकॉर्ड होना महत्वपूर्ण है। अब जांच का विषय यह है कि सामान वास्तव में पंचायत को कब मिला, उसका सत्यापन किसने किया और भुगतान से पहले प्राप्ति संबंधी अभिलेखों का मिलान हुआ या नहीं।* संबंधित अधिकारियों को बिल, स्टॉक रजिस्टर, भुगतान अभिलेख और सामान प्राप्ति प्रमाणपत्र की जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।जिलाधिकारी इस ग्राम पंचायत की जांच एक कमेटी बनाकर कराए तो सारी सत्यता उनके सामने आ जाएगी।

तहसील केसिंधौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत महासिर में खरीद का बिल चर्चा में, सामान प्राप्त होने की तारीख दर्ज न होने से उठे सवाल

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

एसपी ने किया रावण दहन स्थलों का निरीक्षण

चन्दौसी/सम्भल। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने मंगलवार को चन्दौसी और हयातनगर क्षेत्र के प्रमुख रावण दहन स्थलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सबसे पहले चन्दौसी के रामबाग मंदिर स्थित रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद हयातनगर के रामलीला मैदान पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने आयोजनकर्ताओं से बातचीत कर तैयारियों की जानकारी ली। एसपी ने पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और असामाजिक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैयार रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

रामबाग धाम पर गूंजा 'जय श्रीराम' का उद्घोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयदशमी मंगलवार को शहर में अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री वार्ष्णेय नवयुवक संघ की ओर से रामबाग धाम पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम शहर का सबसे बड़ा और मुख्य आकर्षण रहा। इस बार 'बाहुबली' थीम पर तैयार किए गए 35 फीट ऊंचे भव्य रावण के पुतले को देखने के लिए हज़ारों की संख्या में जनसमूह उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण दहन से पूर्व निकाली गई भव्य शोभायात्रा रही। राम दरबार मंदिर से विधिवत पूजन और आरती के उपरांत यह शोभायात्रा शुरू हुई। ढोल-नगाड़ों की गड़गड़ाहट, डीजे की धुन और 'जय श्रीराम' के जयकारों के बीच आगे बढ़ रही इस यात्रा में शामिल मां काली का अखाड़ा लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। अखाड़े में कलाकारों द्वारा दिखाए गए हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे मार्ग में धार्मिक एवं उत्सव का माहौल बना रहा। रामबाग धाम पर पहुंचे विशाल जनसमूह के बीच जब कारीगरों द्वारा 'बाहुबली' की तर्ज पर विशेष रूप से तैयार किए गए 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया, तो पूरा आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। अत्याधुनिक आतिशबाजी के अद्भुत प्रदर्शन और गगनचुंबी जयकारों के बीच रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम में उमड़ने वाली 25,000 से अधिक दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए श्री वार्ष्णेय नवयुवक संघ के पदाधिकारियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व यातायात के कड़े प्रबंध किए गए थे, जिससे सभी ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से इस ऐतिहासिक आयोजन का आनंद लिया। इस सफल एवं भव्य आयोजन में संघ के प्रधान मयंक वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय 'फैंसी' नितिन वार्ष्णेय, रामबाग धाम के प्रधान मौसम गुप्ता, अमित केएस वार्ष्णेय, कौशल किशोर, गिरीश रतन, कौशल कुमार,समेत समस्त पदाधिकारियों व सक्रिय सदस्यों का विशेष योगदान रहा।


चंदौसी के रामबाग धाम पर होता रावण का दहन। –जागरण मोर्चा


चंदौसी के रामबाग धाम पर धनुष बाण चलाकर रावण का दहन करते राम लक्ष्मण। –जागरण मोर्चा


चंदौसी में रावण दहन के लिए उमड़ी लोगों की भीड़। –जागरण मोर्चा

धूमधाम से निकली श्रीराम बारात, रावण दहन संग समापन


चंदौसी में श्री राम बरात में शामिल झांकी। –जागरण मोर्चा


चंदौसी में श्री राम बारात में शामिल भगवान शंकर की झांकी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बीएम क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को श्रीराम बारात अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। बारात के दौरान नगर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय नजर आया और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। श्रीराम बारात का भव्य शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष लता वासन ने फीता काटकर व पूजा-अर्चना के साथ किया। बारात बड़ा महादेव मंदिर से शुरू होकर घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी, ब्रह्म बाजार और फड़ायाई बाजार से होते हुए पुनः बड़ा महादेव पहुंचकर संपन्न हुई। बारात के समापन स्थल पर रावण के पुतले का भव्य दहन किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। बारात में शामिल विभिन्न मनमोहक झांकियों ने पूरे आयोजन को भव्य बना दिया। बारात में सबसे आगे रावण का विशाल पुतला चल रहा था। इसके बाद मां काली की जीवंत झांकी, खाटू श्याम जी का भव्य सिंहासन, भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी, माता वैष्णो देवी की झांकी, महाकाली का अखाड़ा और राधा-कृष्ण के स्वरूप में नृत्य करते कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। बारात के सबसे अंत में प्रभु श्री राम के दरबार की भव्य झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन कर भक्त निहाल हो गए। इस पावन और भव्य आयोजन को सफल बनाने में बीएम क्लब के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रमोद कुमार गुप्ता, अमित उर्फ मोनू, नितिन राघव, तरुण नीरज, रामा सक्सेना, शुभम कुक्कू शर्मा, मेघल गुप्ता, अमित गुप्ता, पंकज भोली, अमित बंसल, उत्सव दक्ष, और मयंक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला हुई संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में श्री रामलीला नाट्य परिषद के कलाकारों ने श्री राम राज्याभिषेक एवं दशावतार दर्शन का भव्य मंचन किया। कार्यक्रम स्व. रामेश्वर प्रसाद काका, स्व. विनोद कुमारी और स्व. राजेश कुमार काका की स्मृति में संजीव वार्ष्णेय काका, राजीव वार्ष्णेय काका एवं समस्त काका परिवार के सौजन्य से आयोजित हुआ।

लीला के प्रथम दृश्य में प्रभु श्रीराम का धूमधाम से राज्याभिषेक किया गया। माता सीता के साथ सिंहासन पर विराजमान प्रभु श्रीराम के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद भगवान विष्णु के दस अवतारों की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। मंचन के माध्यम से संदेश दिया गया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। हीरालाल के संतोषी माता के भजनों, शिव विवाह के सजीव मंचन और माता वैष्णो देवी के भजन पर आधारित नृत्य झांकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लकी ड्रा और सम्मान समारोहः कार्यक्रम में लकी ड्रा, बंपर ड्रा और सुपर बंपर ड्रा निकाले गए। इनके पुरस्कार स्व. रामेश्वर प्रसाद काका की स्मृति में टीटेश काका और हिमांशु काका ने प्रदान किए। रामलीला की उत्कृष्ट कवरेज के लिए पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को स्मृति उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, राकेश चंद्र आर्य की ओर से नाट्य परिषद के कलाकारों और पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। नाट्य परिषद की ओर से यजमानों का माला, पटका और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें श्री रामचरितमानस और गंगोत्री धाम से लाया गया पवित्र गंगाजल भी भेंट किया गया। मंच का संचालन उपप्रधान अमित 'अप्पू' ने किया। इस अवसर पर प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, दीपक सोनू, संजीव वार्ष्णेय, गोविंद किशोर, कन्हैया वार्ष्णेय, प्रदीप शर्मा, ओमेंद्र वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी, कलाकार और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।


चंदौसी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। –जागरण मोर्चा

पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। माता-पिता के साथ धान कटाई पर गया सात वर्षीय मासूम की गांव लौटते समय दूध लेने आई पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। इस अचानक हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया है। गांव आटा निवासी सुभाष का 7 वर्षीय बेटा आशीष अपने माता-पिता के साथ खेत पर गया था। सुबह करीब 10 बजे आशीष खेलने के उद्देश्य से वापस गांव लौट आया। इसी दौरान गांव में एक डेयरी पर दूध लेने आई पिकअप गाड़ी का चालक वाहन को पीछे कर रहा था। इसी फेर में मासूम आशीष पिकअप की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सतर्क ग्रामीणों ने पिकअप चालक और गाड़ी को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना की सूचना मिलते ही बच्चे के परिजन और थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए मासूम के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आरोपी चालक व गाड़ी को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। मासूम की मां सर्वेश, दादी मूर्ति देवी और छोटे भाई पंकज का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों के विलाप से वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।


आशीष की मौत के बाद विलाप करते परिजन एवं इंसेट में आशीष का फाईल फोटो।

स्टंटबाज बाइक सवार ने स्कूटी को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के आवास विकास चौराहे पर सोमवार रात करीब दस बजे एक तेज रफ्तार बाइक पर स्टंट कर रहे युवकों ने लापरवाही दिखाते हुए सामने से आ रही स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होने से बाल-बाल बचा।

घटना के बाद आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्कूटी सवार को संभाला और भागने की कोशिश कर रहे बाइक सवारों को पकड़ने का प्रयास किया। अपने को घिरता देख आरोपी युवक बाइक लेकर तेजी से भागने लगे। भागने की हड़बड़ी और बाइक की रफ्तार के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पास की झाड़ियों में जा गिरी।

हादसे के बाद बाइक पर सवार दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे, जबकि स्थानीय दुकानदारों और मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को दबोच लिया। पुलिस पकड़े गए युवक और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने साथ कोतवाली ले आई है। फिलहाल पुलिस कोतवाली में आरोपी से पूछताछ कर रही है और फरार हुए दूसरे साथी की तलाश में जुट गई है। इस घटना को लेकर स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों में स्टंटबाजों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

पंजाबी समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ शस्त्र पूजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। चंदौसी में पंजाबी समाज की ओर से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं पारंपरिक अनुष्ठान में समाज के तमाम वरिष्ठ और गणमान्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य मेवाराम पुजारी जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूरी विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन करवाकर किया गया। पुजारी जी ने समाज की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और आपसी सौहार्द की कामना की। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से सुधीर मल्होत्रा जी, अनिल साहनी, अशोक अरोरा, मनोज वर्मा जी, लक्की भसीन, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विपिन आहूजा, अमित,मोनू खुराना समेत अन्य सम्मानित सदस्य शामिल रहे। सभी ने शस्त्र पूजन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व को उत्साह के साथ मनाया और देश व समाज में शांति एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दीं।


चंदौसी में शस्त्र पूजन करते पंजाबी समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

विहिप-बजरंग दल का साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम

चंदौसी। नगर के सीता रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, धर्म व संस्कृति के प्रति समर्पण की भावना जगाना और संगठन को मजबूत करना रहा। इस दौरान संगठन की एकता, हिंदू समाज की जागरूकता, संस्कारों के संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभाग सत्संग प्रमुख आचार्य ऋतुपर्ण ने युवाओं को धर्म और संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। वहीं, नगर अध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने और हिंदू समाज को संगठित रखने का संकल्प दिलाया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। विजयदशमी के पा वन पर्व पर सोमवार को ट्यूलिप स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 136 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अ तिथि मुरादाबाद के पूर्व सांसद कुंवर चंद्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रभारी चंद्रमोहन सिंह राघव और उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने भगवान श्री राम व महाराणा प्रताप के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में विभिन्न वि द्यालयों के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। कुल 136 मेधावी बच्चों को सम्मानित किए जाने से पूरा सभागार उत्साह और उल्लास से भर उठा।

सम्मान पाकर सभी छात्र-छात्राएं बेहद प्रफुल्लित और उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कुंवर चंद्र विजय सिंह बेबी राजा ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए प तियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के गुर और विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्र म की अध्यक्षता कर रहे अ खिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर विजयवीर सिंह चौहान ने विजयादशमी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में विशि ष्ट अतिथियों और वक्ताओं दिनेश ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पालिकाध्यक्ष राजे शंकर राजू, मंजू दिलेर मनोज कठेरिया, विशा ल चौहान, पुष्पेंद्र सिंह चौहा न, नरेश राजा, मुकेश राठौ र, सुक्लेश कुमार सिंह, रवि तोमर, बृजेश सिंह चौहान, विनय कु मार राठौर, पुनीत ठाकु र, दीपक ठाकुर, महेश पाल सिंह राघव, जिला अध्यक्ष दिनेश पाल सिंह, सुशील कुमार सिंह, नानक चंद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, दुर्गापाल सिंह, विद्युत चौहान, नकुल प्रताप सिंह, बार अध्यक्ष विनोद सिंह, तेजेंद्र सिंह, भुवने श राघव, नागेंद्र सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, राजीव कुमार, अशोक सिंह और पवन राघव आदि ने भी विजयादशमी के महत्व पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट नितिन कुमार सिंह और मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट विक्रम सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर विजयवीर सिंह चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।


कार्यक्रम में बोलती माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी। –जागरण मोर्चा


चंदौसी में सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राएं और अतिथि। –जागरण मोर्चा

बच्चे और इंटरनेट

ऐसे दौर में जब आस्ट्रेलिया-फ्रांस व अन्य विकसित देशों में सोशल मीडिया तक बच्चों की पहुंच सीमित करने के कानून बने हैं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच उनका मौलिक अधिकार है। इस पर प्रतिबंध लगाना अनुचित है। कोर्ट ने माना कि इंटरनेट तक पहुंच और इस्तेमाल करने का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद 21 के साथ-साथ अनुच्छेद 19(1) (ए) के तहत निर्धारित 'वाक् और अभिव्यक्ति की आजादी ' में ही निहित है। दरअसल, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी चंद्रन की पीठ इंटरनेट के जरिये बच्चों के शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री का पता लगाने और उसे हटाने के उपायों पर विमर्श कर रही थी। इसी बीच कई देशों द्वारा एक निर्धारित उम्र तक के बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच सीमित करने का मामला सामने आया। भारत में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। अदालत का मानना था कि हम बच्चों से जुड़ी ऐसी चिंताओं को स्वीकार करते हैं, लेकिन इंटरनेट पर प्रतिबंध इसका न्यायोचित विकल्प नहीं है। शीर्ष अदालत ने माना कि इस माध्यम से बच्चों को दूर रखकर हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते। अदालत का तर्क था कि बच्चों की आजादी और सुरक्षा एक दूसरे के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन्हें दोनों ही चीजें मिलनी चाहिए। अदालत का मानना था कि नई पीढ़ी के बच्चों के लिये इंटरनेट सीखने का माध्यम भी है। दूरदराज के इलाकों में जानकारी पाने का एकमात्र जरिया होता है। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने इस बात का गंभीरता से संज्ञान लिया कि देश में नाबालिगों से जुड़ी अश्लील सामग्री रोकने में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लापरवाही दिखा रहे हैं। अदालत का मानना था कि सभी हितधारक यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को हानि पहुंचाने वाली कोई भी सामग्री प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से उपलब्ध न हो सके। यह सामग्री न अपलोड की जाए और न ही उसे प्रोत्साहन दिया जाए। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी नाराजगी जतायी कि मध्यस्थों व सोशल मीडिया मंचों ने वर्ष 2024 में जारी किए गए कोर्ट के निर्देशों का ईमानदारी से पालन नहीं किया। साथ ही पीठ का मानना था कि आज इंटरनेट शिक्षा, सूचना और सामाजिक भागीदारी का एक सशक्त माध्यम बना है। ऐसे में यदि प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो वे निष्प्रभावी होंगे, बल्कि नुकसान पहुंचाने वाले भी हो सकते हैं। इसका नुकसान यह हो सकता है कि बच्चे ऐसी ऑनलाइन जगहों को सर्च करना शुरू कर सकते हैं, जो नियम-कानून कम होने की वजह से ज्यादा घातक हो सकती हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि उसकी टिप्पणी का यह अर्थ नहीं निकाला जाए कि उम्र के आधार पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। पीठ के मुताबिक—हमारी धारणा है कि ऑनलाइन सुरक्षा के लिये कुछ सुरक्षा उपाय होने जरूरी हैं। अभिभावकों के पास उपलब्ध सामग्री की निगरानी की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अंतर्गत ऐसी व्यवस्था हो सकती है, जिसमें माता-पिता के मार्गदर्शन, सहमति और निगरानी में बच्चे सोशल मीडिया मंचों का उपयोग कर सकें।

फ्रांस और इटली में जो हुआ वो भारत में न हो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस में हिंसा और लूटपाट की घटनाओं के बाद ट्रुथ सोशल पर जो टिप्पणी की है, उसने पूरी दुनिया में एक नई बहस छेड़ दी है। ट्रंप ने लिखा, "फ्रांस जल रहा है!" और चेतावनी दी है कि अलग दुनिया से आए लोगों के आव्रजन ने कभी महान रहे देश को संकट में डाल दिया है। उन्होंने फ्रांस से अपनी सीमाएं बंद करने और बहुत देर होने से पहले हालात पर नियंत्रण हासिल करने की अपील की है। ट्रंप की यह टिप्पणी भले ही राजनीतिक रूप से कठोर हो, लेकिन इसके पीछे उठ रहा बुनियादी सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि आखिर किसी राष्ट्र की सीमाओं, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी है? और जब सरकारें इन चुनौतियों से निपटने में विफल होती हैं, तो उसकी कीमत कौन चुकाता है?

फ्रांस के हालात से पूरी दुनिया स्तब्ध

फ्रांस में 17 अक्टूबर को हुए प्रदर्शनों के दौरान जो तस्वीरें सामने आईं, वे किसी भी राष्ट्र के लिए चिंताजनक हैं। महंगाई, शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों लोगों के बीच हिंसक समूहों ने दुकानों में लूटपाट की, वाहनों में आग लगाई और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। लिमोज शहर का ऐतिहासिक टाउन हॉल आगजनी में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पेरिस, मार्सेई और लियोन में भी हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। फ्रांसीसी अधिकारियों ने कट्टरपंथी वामपंथी समूहों और उपद्रवियों को हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस हिंसा पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहरों की सड़कों को इस तरह बर्बाद होते देखना असहनीय है। मैक्रों ने सुरक्षा बलों के समर्थन में खड़े होते हुए स्पष्ट किया कि जायज मांगों और हिंसा के बीच अंतर किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन को सार्वजनिक इमारतों और कारोबारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जरूरत पड़ने पर कुछ प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने तथा हिंसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उनका संदेश साफ था कि संवाद का अर्थ कमजोरी और लोकतांत्रिक अधिकारों का अर्थ दंड से मुक्ति नहीं है।

देखा जाये तो एक बुनियादी बात समझने की जरूरत है। लोकतंत्र में विरोध करना अधिकार है, लेकिन हिंसा करके सरकार को झुकाना, सार्वजनिक संपत्ति नष्ट करना और आम नागरिकों के जीवन को संकट में डालना अधिकार नहीं हो सकता। यदि कोई समूह अपनी राजनीतिक या वैचारिक मांगों के लिए कानून को चुनौती देने लगे, तो सरकार का दायित्व है कि वह निर्णायक कार्रवाई करे। सरकार की लोकप्रियता और उसकी नीतियों पर सवाल उठ सकते हैं, लेकिन देश की कानून-व्यवस्था को बंधक नहीं बनाया जा सकता।

इटली में भी बिगड़े हालात

दूसरी ओर, यूरोप की यह बेचैनी अब केवल फ्रांस तक सीमित नहीं है। इटली में भी 17 और 18 अक्टूबर को महंगाई, कम वेतन और सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति के विरोध में प्रदर्शन हुए। मिलान में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने दुकानों के शीशे तोड़े, आगजनी की और पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस को आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। बोलोन्या, ब्रेसिया, बर्गामो और ट्यूरिन में भी झड़पों की खबरें आईं। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हिंसा की निंदा करते हुए पुलिस के समर्थन में बयान दिया और स्थिति पर चर्चा के लिए सरकारी बैठक बुलाई।

इटली की घटनाएं एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने लाती हैं। यूरोप में बढ़ती महंगाई, कम वेतन, महंगे आवास और सार्वजनिक सेवाओं की बदहाली ने लोगों में असंतोष पैदा किया है। इस असंतोष को केवल आव्रजन या किसी एक विचारधारा के खाते में डालना वास्तविक समस्याओं से आंखें मूंदना होगा। लेकिन जब जायज शिकायतों के बीच हिंसक समूह घुस आते हैं और विरोध को लूटपाट में बदल देते हैं, तो आम नागरिकों का नुकसान होता है और लोकतांत्रिक आंदोलन की विश्वसनीयता भी खत्म होने लगती है। फ्रांस और इटली दोनों की घटनाओं से यही सबक मिलता है कि सरकारों को जनता की समस्याओं का समाधान भी करना होगा और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कठोरता भी दिखानी होगी।

फ्रांस, इटली की घटनाओं का भारत के लिए निहितार्थ

भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू अवैध घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा है। बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ तथा म्यांमार से आए रोहिंग्या समुदाय के लोगों की अनधिकृत मौजूदगी लंबे समय से सुरक्षा और प्रशासन से जुड़े सवाल खड़े करती रही है। भारत जैसे विशाल और संवेदनशील सीमाओं वाले देश के लिए यह कोई मामूली विषय नहीं है। सीमा पार से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान, नागरिकता और कानूनी स्थिति का सत्यापन होना चाहिए। जहां अवैध प्रवेश प्रमाणित हो, वहां कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ अपराध या सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के ठोस प्रमाण हों, तो जांच और अभियोजन में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

क्या कभी आत्मदैन्य से मुक्त हो सकेंगे हम?



कोई भी राष्ट्र जिस स्थिति में होता है, उसके लिए वह खुद जिम्मेदार होता है। जापानी जैसे हैं ,उनका देश वैसा ही है। इसी तरह की बात इजरायल, चीन और ईरान या किसी भी देश के बारे में हो सकती है। भारत भी वैसा ही है, जैसे हम हैं! ऐसे में कभी विदेशी आक्रांताओं,कभी मैकाले और कभी अपनी आजादी के बाद सत्ता में आए नायकों को कोसते हुए हम अपने कर्तव्यबोध से मुक्त हो जाते हैं। कोई भी राष्ट्र अपने नागरिकों की सामूहिक चेतना के आधार पर विकसित होता है। उसका इतिहासबोध, संस्कृतिबोध, मित्रबोध और शत्रुबोध मिलकर उसका निर्माण करते हैं। इनसे ही राष्ट्रीय मानस या राष्ट्रीय भाव बनता है।

लंबे समय की गुलामी ने हमें आत्मदैन्य और आत्महीनता की ओर ढकेल दिया। भारतीय समाज के अपने पारंपरिक मूल्यों को छोड़कर हम शासक वर्गों द्वारा थोपी जा रही संस्कृति का अनुगमन करने लगे। हमें लगा हमारे अंग्रेज शासक, उनकी भाषा, पहनावा और उनकी संस्कृति-पंथ सबकुछ हमसे बेहतर है। उनके अनुयायी बनकर ही हमारी मुक्ति है। तत्कालीन समाज के श्रेष्ठ जन भी ब्रिटिश शासन में अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त कर भारत लौटते थे और खुद को आधा-अधूरा अंग्रेज साबित करने में जुट जाते थे। ऐसे में शेष समाज अपने श्रेष्ठ वर्ग का आचरण देख वैसा ही बनने का प्रयास करने लगा। देश में तमाम सर, रायबहादुर और साहेब बहादुर हमारे आदर्श बन गए। स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य तिलक, महर्षि अरविन्द, महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय,रवीन्द्र नाथ टैगोर के बहुत गहरे भारतबोध की प्रज्ञा ने हमें संभाला ,वरना हमारी दास्तां भी न होती दास्तानों में। हमारी हस्ती मिटने से कोई रोक नहीं सकता था।

औसत भारतीय का आचरण अंग्रेजी शासनकाल में कैसा था, कहने की जरूरत नहीं है। हम कोहिनूर को छोड़कर कांच की ओर दौड़ रहे थे। अंग्रेजी भाषा और संस्कृति श्रेष्ठता की परिचायक बन गई। जब तक अपना कोई व्यक्ति या कार्य पश्चिम में स्थापित न हो जाए, उसे हम श्रेष्ठ मानने को तैयार नहीं थे। अंग्रेजी शासन और उसके बाद के आजादी के साल भी आत्मगौरव के अभाव में गुजरे साल बनकर रह गए। सत्ता के आतंक और सत्ता से जुड़े रहने के आकर्षण से हमने 'अपने जीवन मूल्यों का सनातन सिद्ध राजमार्ग' छोड़कर 'अंग्रेजियत की पगडंडियों' पर चलना प्रारंभ कर दिया, जो हमारा देखा-परखा रास्ता नहीं था। जाहिर है इस मार्ग पर हम नेतृत्वकर्ता नहीं, अनुगामी ही बन सकते थे। हमारे एकत्व को चोटिल करने के सचेतन प्रयास प्रारंभ हुए। भारतीय शिक्षा पद्धति को अंग्रेजी राज में कैसे नष्ट किया गया, इसे धर्मपाल जी को पढ़कर ही समझ में आएगा। 'स्व' के स्थान पर 'परकीय' विचारों की स्थापना के प्रयास खूब चले। हम एक 'राष्ट्र' नहीं हैं, बताया गया। अनेक स्थानीयताओं को राष्ट्रीयता के बरक्स स्थापित करने के अकादमिक प्रयास भी खूब चले, सफल भी हुए। कैसे और कितने विभाजन गढ़े जा सकते हैं, सारा जोर इसी पर था। भारतीय ज्ञान परंपरा पर चल रहे लोगों के आत्मविश्वास को समाप्त कर इस पूरे विचार को ही पोंगापंथ और पिछड़ेपन के रुप में आरोपित किया जाना फैशन बन गया।

राजनीतिक परिवर्तन के कारण लंबे समय के बाद भारत फिर से खुद को खोज रहा है। अपनी जड़ों की तरफ वापसी करना चाहता है। जिसे 'विचारों की घर वापसी' कहकर संबोधित किया गया। जरूरी है कि भारत प्रेमी बौद्धिक वर्ग सत्य के सूर्य की स्थापना करने के लिए अध्यवसाय में जुट जाए। सिर्फ भावनात्मक प्रवचनों, कार्यक्रमों से आगे बढ़कर भ्रमों के निवारण का जतन करे। ऐसे कुशल बौद्धिक योद्धा ही अपनी ज्ञान परंपरा को सामने लाकर तथ्य, प्रमाणों के साथ उनकी युगानुकुल व्याख्या करेंगे। इसके लिए हमें लोकसंग्रही और विनम्र बनना पहली शर्त है। परंपरा,जीवन पद्धति और परिवार पर छाए संकटों के बीच ये प्रयत्न ही हमें आत्मशक्ति देंगे। दुनिया भर में चल रहे सभ्यतागत संघर्ष के बीच भारत को अपनी वृहत्तर भूमिका का निर्वहन करना है, क्योंकि हमारे पास दुनिया को देने के लिए समावेशी विचार है। जहां साझापन सौंदर्य की तरह है, विविधता और बहुलता का यहां उत्सव मनाया जाता है। हम पूजा में भी अनेक देवताओं की पूजा करते हैं। बहुलतावादी समाज होने कारण हमने मतभिन्नता का सदैव स्वागत किया। इसका उदाहरण हमारी 'शास्त्रार्थ' परंपरा है।

कारोबार के पेट पर लात

कांग्रेस 1 नवंबर को राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक 'रामलीला मैदान' में रैली करेगी। समाजवादी पार्टी का भी साथ रहेगा। दिल्ली पुलिस ने इजाजत भी दे दी है। 25 अक्तूबर से 3 नवंबर तक 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' (एनओसी) भी जारी कर दिया गया है। कांग्रेस दावा कर रही है कि 5 लाख से अधिक लोग जनसभा के दौरान आवाजाही करेंगे। यदि यही स्थिति रही, तो दिल्ली की उन सडक़ों पर जन-सैलाब होगा, यातायात बहुत बुरी तरह बाधित होगा, दुर्घटनाएं भी संभव हैं! क्या पुलिस ने ये तमाम आकलन कर लिए हैं? 'रामलीला मैदान' की घोषित क्षमता 60-65 हजार है, लेकिन एक लाख तक की भीड़ हमने देखी है। जयप्रकाश नारायण से बाबा रामदेव और अन्ना हजारे तक कई जनसभाओं के संबोधन इतिहास में दर्ज हैं। उन्होंने समय की धारा को मोड़ा है, नई जन-चेतना पैदा की है, लिहाजा सत्ताएं झुकीं और बदली भी हैं, लेकिन देश की भ्रष्ट व्यवस्था, सांप्रदायिक मानसिकता, वर्ग-भेद और बेरोजगारी-गरीबी लगभग यथावत मुद्दे आज भी हैं। बल्कि ये राष्ट्रीय समस्याएं हैं। अभी तक जंतर-मंतर और कनॉट प्लेस के आसपास जो हुड़दंग मचाए गए, कहने को विरोध-प्रदर्शन किए गए, लिहाजा कारोबार ठप हुआ, लेकिन वे स्थितियां अब 'रामलीला मैदान' तक फैल सकती हैं। संवैधानिक और मानवाधिकार व्यापारी-वर्ग, दुकानदारों, रेहड़ी-फुटपाथ वाले कारोबारियों के भी हैं। बुनियादी मुद्दा 'वोट चोरी' का नहीं, प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत और 'सबसे क्रूर खलनायक' मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता हैं। कांग्रेस और उसके समर्थन में विपक्ष अभी से 2029 की चुनावी रणनीति पर सक्रिय हैं, ताकि भाजपा-एनडीए के हाथ से जनादेश छीना जा सके। इसी रणनीति के तहत कभी यूथ कांग्रेस, कभी एनएसयूआई के कथित छात्र, तो कभी कोई और संगठन, तो निर्णायक तौर पर राहुल गांधी सडक़ पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। बेशक यह उन सभी का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन व्यापार का बेड़ागर्क किया जाए, त्योहारी मौसम में भी दुकानों पर ताले जडने पड़ें और अंततः 20,000 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान सामने हो, तो कदाचित ये संविधान में प्रावधान नहीं हैं। व्यापार-संगठनों के आकलन हैं कि हालिया विरोध-अराजकता के कारण खुदरा कारोबार का 1800 करोड़ रुपए और थोक व्यापार का 300 करोड़ रुपए नुकसान हो चुका है। कनॉट प्लेस, जनपथ में ही करीब 80 फीसदी और पालिका बाजार, खान मार्केट में करीब 90 फीसदी व्यापार घट चुका है।

भारत के फैसलों पर चीन का दोहरा रवैया



लद्दाख में 28 जगहों की पहचान करके और उन्हें आधिकारिक नक्शे पर चिह्नित करते हुए उनके नाम तय करने के भारत के कदम पर चीन ने त्वरित और कुछ हद तक चिढ़ भरी प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गत 13 अक्तूबर को कहा, 'चीन भारत द्वारा प्रचारित तथाकथित तय नामों का कड़ा विरोध करता है' और कहा कि 'यह कदम गैर-कानूनी और अमान्य है'। भारत के जवाबी कदम उठाने से बहुत पहले ही चीन ने खुद ऐसा करना शुरू कर दिया था, लेकिन उसने इस बात को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ कर दिया है कि यह उसकी अपनी कार्रवाई की प्रतिक्रिया है। यह खेल का एक जाना-पहचाना तरीका है। चीन जो करे, वह सही; जब वही काम कोई दूसरा करे, तो गलत! ऐसा लगता है कि भारत का यह कदम चीन को चुभ गया है—तभी तो उसने तुरंत और कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अपनी ताकत के घमंड में चीन इस साधारण-से तथ्य को नज़रअंदाज़ कर रहा है कि यह खेल दोनों तरफ से खेला जा सकता है। भारत तो बस उसी काम को आगे बढ़ा रहा है, जिसकी शुरुआत पहले चीन ने की थी। चीन के कर्ता-धर्ताओं को आने वाले महीनों और सालों में भारत की ओर से ऐसे और भी 'तय नामों'—यह वह शब्द है, जिसका इस्तेमाल खुद चीनी करते हैं—की उम्मीद करनी चाहिए। कृपया यह न भूलें कि कुछ महीने पहले अरुणाचल प्रदेश में भी ऐसा ही किया गया था। अगस्त में भारत ने अरुणाचल प्रदेश में 27 जगहों और भौगोलिक विशेषताओं के नाम तय किए थे। गृह मंत्रालय ने घोषणा की थी कि यह काम राज्य सरकार के साथ सलाह-मशविरा करके किया गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान के कुछ और पहलू भी हैं, जिन पर गहराई से विश्लेषण करने की ज़रूरत है। इसमें कहा गया है कि 'चीन ने कभी भी भारत द्वारा एकतरफा एवं गैर-कानूनी तरीके से बनाए गए तथाकथित 'केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख' को मान्यता नहीं दी है'। इस टिप्पणी से तुरंत ये सवाल उठते हैं : क्या भारत के प्रशासनिक ढांचे में किसी भी बदलाव में चीन के दखल की कोई गुंजाइश है? क्या यह पूरी तरह से भारत का अपना फैसला नहीं है? क्या चीन ने तब आपत्ति जताई थी, जब 2014 में पुराने आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना राज्य बना था? साफ़ तौर पर नहीं। तो फिर चीन को ऐसा क्यों लगता है कि 2019 में जब भारत ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया, तो उसमें उसकी भी कोई सहमति होनी चाहिए? अनुच्छेद 370 को हटाने पर चीन कैसे आपत्ति जता सकता है, जबकि यह भारत का एक घरेलू प्रशासनिक फ़ैसला था?

सुप्रीम कोर्ट नहीं बनेगा नेताओं का अखाड़ा



देश के सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि वह राजनीतिक दलों की सत्ता को लेकर चल रही मारामारी के बीच अखाड़ा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ कायदे कानून और संविधान के दायरे में रह कर ही काम करेगा। दरअसल यह संदेश सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के जरिए तमाम राजनीतिक दलों को दिया, जोकि सुप्रीम कोर्ट के जरिए राजनीतिक फायदा उठाने का प्रयास कर रहे हैं।

यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट के बारे में कोई गलतफहमी या अफवाह पहले, इससे पहले ही मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की। सीजेआई ने यह कदम इसलिए उठाया कि नेता कहीं बात का बतंगड़ नहीं बना दे और उसमें सुप्रीम कोर्ट को इसमें नहीं घसीट लें।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर मुलाकात का समय मांगा था कि वे उन्हें एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे, जिसमें 'वोट चोरी' रोकने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, मतदाता सूची के एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को रोकने और पुनः मतपत्र प्रणाली पर लौटने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने यह मांग यह कहते हुए ठुकरा दी, कि यदि सुनवाई चाहते हो तो रिट याचिका दायर करो। सीजेआई ने राहुल गांधी के आधिकारिक ईमेल के जवाब में कहा कि इस तरह की मुलाकात उचित नहीं होगी, क्योंकि जिन मुद्दों पर चर्चा की मांग की गई है, वे पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसी के साथ सीजेआई ने दूरदर्शिता अपनाते हुए अगले ही दिन प्रेस कांफ्रेंस करके स्थिति स्पष्ट कर दी, ताकि राजनीतिक दल उसकी बातों का गलत मतलब नहीं निकाल पाएं और सुप्रीम कोर्ट को राजनीतिक विवाद में नहीं घसीट सकें।

सीजेआई सूर्यकांत ने यह भी स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तर पर सरकार के कामकाज में दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओं को अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक पक्ष में अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में एक दो बार ही ऐसा हुआ है, जब सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मीडिया के जरिए कोई जानकारी दी गई है, वरना तो मीडिया ही सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और सुनवाई की जानकारी देता है।

भारतीय सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में जजों द्वारा मीडिया से सीधे संवाद करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का सबसे चर्चित मौका 12 जनवरी 2018 को आया था। सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ न्यायाधीशों—जस्टिस जे. चेलामेश्वर, जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस मदन बी. लोकूर और जस्टिस कुरियन जोसेफ ने एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भारतीय न्यायिक इतिहास में यह पहला अवसर था जब वर्तमान जजों ने इस तरह मीडिया को संबोधित किया था।

इन जजों ने तब के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) दीपक मिश्रा के खिलाफ रोस्टर और प्रशासनिक कामकाज को लेकर सार्वजनिक सवाल उठाए थे। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट अपनी अधिकांश जानकारी और फैसले आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों अपनी वेबसाइट और सुनवाई के जरिए ही साझा करता है। हाल के दौर में अदालत ने न्यायिक कार्यवाही के लाइव-स्ट्रीमिंग और उसके डिजिटल क्लिप्स के कमर्शियल इस्तेमाल को लेकर भी कड़े नियम तय किए हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने मीडिया के सामने स्पष्ट किया था कि "मुझे कल बैठक के अनुरोध के संबंध में एक पत्र मिला था। मैंने कल रात ही उसका जवाब दे दिया था, जिसमें उन कारणों का उल्लेख किया गया था कि मैं क्यों नहीं मिल पाऊंगा? सीजेाई ने आगे कहा, "सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। किसी भी आम नागरिक या निर्वाचित निकाय के सदस्य की किसी भी याचिका का स्वागत है। हर भारतीय नागरिक को अदालत का दरवाजा खटखटाने का अधिकार है। हम उनकी चिंताओं को सुनेंगे और कानून के तहत जो भी उचित होगा, वह करेंगे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



सितारगंज के रामलीला मैदान में धू धू कर जल उठे रावण और कुंभकरण के पुतले

रामलीला मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयदशमी का पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज। इस बार दशहरा पर 50 फीट के रावण 45 फीट के कुंभकरण के पुतले को सितारगंज रामलीला मैदान में जलाया गया। सितारगंज नगर में चल रही रामलीला के अनुसार रावण और कुंभकरण के पुतले को आज अग्नि दी गई। सितारगंज में 50 फीट रावण और 45 फीट कुंभकरण के पुतले बनाए गए थे। रामलीला मंच पर पहुँचे कबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला देखने आये सभी श्रद्धालुओं को उनके जीवन से सीख लेकर जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को अपने माता पिता का आज्ञाकारी होना चाहिए,और सदैव अच्छे विचारों का अनुसरण करते हुए प्रसस्ति के मार्ग को चुनना चाहिए। रामलीला मैदान में रावण और कुंभकरण के पुतले को अग्नि दी गयी। सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। सितारगंज में इस बार दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रभु श्रीराम के हाथों बुराई पर अच्छाई की जीत होगी और पूरे सितारगंज नगर में भगवान श्री राम के जयकारों से सितारगंज क्षेत्र गूंज उठा। आसपास के गांव से भी सितारगंज क्षेत्र में रावण कुंभकरण के पुतले को देखने के लिए लोग पहुंचे। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग सितारगंज के रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। रावण और कुंभकरण के पुतले बनाने वाले कारीगरों ने बताया है कि हमारे द्वारा पूरी तैयारियां की गई थी। आज दोपहर तक रावण और कुंभकरण के पुतले रामलीला मैदान में खड़े कर दिए गए थे। रावण और कुंभकर्ण के पुतले फूंकने के बाद नगर के मुख्य चौक पर राम और भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन भी बहुत धूमधाम से किया गया जिसमें अनार, चकरी, फुलझरी, और आकाशीय विस्फोटक पटाखे चलाकर आतिशबाजी द्वारा रोशनी की गई। भागीदारी देखने को मिल रही है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह , आदेश ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,उदय राणा, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी, महामंत्री भीमसेन गर्ग, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, सुरेश सिंघल, राजाराम सिंघल,महेश मित्तल, शीतल सिंघल,उमेश गर्ग, त्रिलोक अरोरा, जाया जोशी, बीना साहू, जानकी कोहली, शिवपाल सिंह चौहान, सुरेश जैन, पवन अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी, अभिषेक जैन, दीपचंद्र कौशल, मनोज अरोरा, आशीष पाण्डेय, बिंदेश जायसवाल, नरेश ठाकुर, सत्येंद्र दिवाकर, अजय कठायत, अमित रस्तोगी और महिपाल सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विधायक ने पंचवटी कॉलोनी में शिव मंदिर सौंदर्यकरण कार्य का किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय



रुद्रपुर। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम किरतपुर स्थित पंचवटी कॉलोनी में विधायक निधि से स्वीकृत शिव मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य का विधायक शिव अरोरा ने विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान पंचवटी कॉलोनीवासियों ने विधायक का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मंदिर परिसर में पहुंचकर भगवान महादेव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि पंचवटी कॉलोनी के लोगों ने शिव मंदिर के सौंदर्यकरण की मांग उनके समक्ष रखी थी। भगवान के मंदिर और धार्मिक स्थलों के सौंदर्यकरण का विषय ऐसा है, जिस पर तत्काल कार्य होना चाहिए। हमारे देवी-देवताओं के मंदिर भव्य एवं सुंदर दिखाई दें और पूजा स्थलों पर बेहतर व्यवस्थाएं हों, यह हम सभी का दायित्व है। विकास के लिए सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाएं आवश्यक हैं, लेकिन इसके साथ ही धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं सौंदर्यकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अपने कार्यकाल में उन्होंने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों को बेहतर स्वरूप देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और सुंदर पूजा स्थल उपलब्ध हो सकें। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान सर्वेश कुमार, ज्ञानप्रकाश,अभय कुमार, सरोज देवी,छाया,पूजा, महिमा,सुमन,प्रीति सहित कालोनी के लोग मौजूद रहे।

लौका में वनभूमि की खरीद-फरोख्त का आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। क्षेत्र में वनभूमि और सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे तथा उनकी खरीद-फरोख्त का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। ग्राम लौका और बैगुल क्षेत्र में सरकारी भूमि को निजी संपत्ति बताकर कथित तौर पर लाखों रुपये में बेचे जाने के आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में ग्राम दड़ा निवासी सुनील यादव ने शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सरकारी भूमि से जुड़े इस गंभीर मामले में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कथित भू-माफिया के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों की कथित मिलीभगत की भी जांच कराने की मांग उठाई है। शिकायतकर्ता सुनील यादव के अनुसार, ग्राम लौका में कुछ भूमि वन विभाग के अभिलेखों में दर्ज है। इसके बावजूद उक्त भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जे और उसकी खरीद-फरोख्त की कोशिशें की जा रही हैं। आरोप है कि वन विभाग की भूमि को निजी संपत्ति बताकर स्टांप पेपर के माध्यम से बेचा जा रहा है। जमीन के सौदों में आठ लाख से लेकर 12 लाख रुपये प्रति एकड़ तक की कीमत तय किए जाने का दावा किया गया है। कथित तौर पर क्रेता और विक्रेता स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कर जमीन के लेनदेन को अंजाम दे रहे हैं। सरकारी भूमि को निजी संपत्ति बताकर बेचने का आरोप शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी और वनभूमि को निजी जमीन बताकर बेचने का सिलसिला लगातार जारी है। इससे न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका है, बल्कि जमीन खरीदने वाले लोगों के भी ठगी का शिकार होने का खतरा बना हुआ है। यदि सरकारी अभिलेखों में दर्ज भूमि का हस्तांतरण निजी संपत्ति के रूप में किया जा रहा है, तो यह गंभीर जांच का विषय है। शिकायतकर्ता ने संबंधित भूमि के राजस्व अभिलेखों, वन विभाग के रिकॉर्ड और स्टांप पेपर पर किए गए कथित सौदों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। वन विभाग, बैगुल डैम और प्रांतीय सरकार की भूमि पर भी सवाल सुनील यादव ने अपनी शिकायत में लौका और बैगुल क्षेत्र की भूमि का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया है कि कथित भू-माफिया ने संगठित तरीके से वन विभाग, बैगुल डैम और प्रांतीय सरकार की भूमि को खुर्द-बुर्द किया है।

कंजाबाग की रामलीला में कुंभकर्ण, मेघनाद और अहिरावण वध का मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामलीला में प्रभावशाली मंचन करते कलाकार। –जागरण मोर्चा

खटीमा। कंजाबाग स्थित श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, सुलोचना सती और अहिरावण वध के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय के माध्यम से रामायण के इन प्रमुख प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे और मंचन के दौरान उत्साह देखने को मिला। रामलीला के दौरान कुंभकर्ण और मेघनाद वध के प्रसंगों में भगवान श्रीराम की सेना और राक्षसों के बीच हुए युद्ध का प्रभावशाली चित्रण किया गया। वहीं, सुलोचना सती के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक किया। अहिरावण वध के मंचन के माध्यम से धर्म और अधर्म के संघर्ष को दर्शाया गया। कलाकारों ने संवाद, अभिनय और मंच प्रस्तुति के जरिए रामायण की कथाओं को जीवंत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएमजीए छिनकी फार्म के प्रबंधक धीरेंद्र भट्ट, लोकप्रिय गायिका रेणु उपाध्याय और रामलीला कमेटी कुटरा के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के सदस्य प्रेम प्रकाश जोशी, आनंद सामंत, सावित्री बुंगला, खिलेश चंद्र पांडेय, प्रेम सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र जोशी, भुवन चंद्र जोशी, श्याम तिवारी, भगवान सिंह मेहता, हरीश शर्मा, गणेश चंद्र लोहनी, पवन भंडारी, रमेश जोशी, बलवंत खाती, गोकुल ओली, प्रियांश जोशी और संदीप कांडपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं रामलीला के संरक्षक मंडल में एडवोकेट हरीश चंद्र जोशी, हरगोविंद सिंह कन्याल, जगदीश चंद्र पांडेय, ईश्वरी दत्त कोटिया और शांति पांडेय शामिल हैं।

संक्षेप समाचार

शक्तिफार्म में कांग्रेस की बैठक में यूथ कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार, कई युवा कांग्रेस में शामिल

सितारगंज। शक्तिफार्म में कांग्रेस की बैठक के दौरान यूथ कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान कई युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, जिनका वरिष्ठ नेताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम आचार्य और ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित सरकार ने कहा कि युवा किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। देश और प्रदेश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। कांग्रेस पार्टी युवाओं को सम्मान, अवसर और नेतृत्व देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज का युवा रोजगार, शिक्षा और अपने भविष्य को लेकर गंभीर है। युवाओं की आवाज को उठाना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं समझें और जनता के बीच रहकर उनकी आवाज बनें। कार्यकारिणी विस्तार के तहत संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। शिवा हालदार को महासचिव, देवरत मंडल और शुभम राय को उपाध्यक्ष, कार्तिक को सचिव तथा विष्णु राय को उपसचिव मनोनीत किया गया। वहीं पंकज दास, आशीष मंडल, सूरज हीरा, तुषार सरकार, विवेक मंडल, बृजेन विश्वास और विष्णु तरफदार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व दर्जाधारी बलवंत बोहरा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग, हरेन्द्र मल्लिक, दीपक विश्वास, भगवान पांडे, शशिभूषण विश्वास, रंजीत, उत्तम हालदार, सुमिंदर यादव, श्रीकांत, अजय सिंह, सपना ओझा, गुड़िया अधिकारी, शेख, पांडु मंडल, निरंजन मंडल, लक्ष्मण मंडल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्याय यात्रा के स्वागत की भव्य तैयारियों को लेकर कांग्रेसियों की बैठक



न्याय यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठक करते विधायक राणा एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

खटीमा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देश भर में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत निकाली जा रही न्याय यात्रा 23 अक्टूबर को नानकमत्ता विधानसभा में पहुंच रही है। जिसके तहत महिला अपराध, महंगाई, भ्रष्टाचार, मंदिरों के चढ़ावा चोरी, भर्ती घोटाले, अग्नि वीर योजना, चरमराती स्वास्थ्य सेवाएं सहित बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर प्रस्तावित न्याय यात्रा का नानकमत्ता व खटीमा विधानसभा में आगमन होगा। न्याय यात्रा के स्वागत एवं उक्त बिंदुओं पर नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में एक जनसभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की सफलता के मंथन हेतु कैंप कार्यालय पर नानकमत्ता विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक राणा द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए दायित्व धारी नामित किए गए। न्याय यात्रा के यहां पहुंचने पर ज्वलंत समस्याओं के अलावा क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएंगी। विधायक राणा ने बताया कि न्याय यात्रा में पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य तथा करन मेहरा, तिलक राज बेहड़, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी सहित अन्य वरिष्ठ नेता प्रतिभा करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को आयोजित बैठक में अरविन्द कुमार, दीपक बिष्ट, दीपक राणा, गौरव राणा, नूर अहमद, मोहम्मद फुरकान, फहीम अंसारी, एम जफर, जुबेर, मनीष राणा, इमरान, अनुज राणा आदि सम्मिलित रहे।

अरविन्द नानकमत्ता विधानसभा प्रभारी नियुक्त कैंप कार्यालय खटीमा में भव्य स्वागत



नानकमत्ता विधानसभा प्रभारी नियुक्त होने पर अरविन्द कुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत करते कांग्रेसी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में नानकमत्ता विधानसभा प्रभारी अरविन्द कुमार का फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने विधायक गोपाल राणा की संस्तुति पर अरविन्द कुमार को नानकमत्ता विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया है। कैंप कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में विधायक राणा ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि अरविन्द पार्टी द्वारा सौंपे गए दाईत्व का बखूबी निर्वहन कर पार्टी व पार्टी प्रत्याशी को मजबूत कर प्रदेश व देश के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर दीपक राणा, गौरव राणा, रमेश रौतेला, दीपक बिष्ट, जैल सिंह, जवाहर राणा, मिथुन राणा, नूर अहमद, प्रदीप, सुनील चंद, मुकेश चंद आदि मौजूद थे।

शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में स्कूली बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क, में आयोजित सार्वजनिक श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी कला, प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिरुचि का शानदार प्रदर्शन किया बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया इस दौरान पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम में भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं और उनके आत्मविश्वास को मजबूत बनाते हैं।भारत भूषण चुघ ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शारदीय दुर्गा पूजा जैसे उत्सव समाज को एकजुट करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का काम करते हैं। जब बच्चे ऐसे आयोजनों में भाग लेते हैं, तो उनमें कला के प्रति रुचि विकसित होती है और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्साह के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

महोत्सव में स्थानीय विद्यालयों की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही : विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों की सराहना प्राप्त की बच्चों की मेहनत, लगन और मंच पर प्रस्तुति देने के अंदाज ने कार्यक्रम को यादगार बनाया प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया।

कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना तथा धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में युवाओं एवं विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाना रहा इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होने के साथ ही समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं।

उधारी के 16 हजार रुपये मांगने पर बवाल, फर्नीचर की दुकान में घुसाया लग्जरी वाहन

तीन भाइयों पर दुकानदार और परिजनों से मारपीट का आरोप, वाहन छोड़कर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज। फर्नीचर के बकाया 16 हजार रुपये मांगने पर विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन भाइयों ने अपने साथियों के साथ तीन वाहनों से पहुंचकर फर्नीचर की दुकान में बैठे दुकानदार पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। आरोपियों ने तेज रफ्तार लग्जरी वाहन दुकान के अंदर घुसा दिया। इसके बाद दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे दुकानदार के परिजनों को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ जुटती देख आरोपी दुकान के अंदर वाहन छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है, हालांकि खबर लिखे जाने तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने आते ही लग्जरी वाहन तेज गति से सीधे दुकान के अंदर घुसा दिया। उस समय फैजुल हसन दुकान में बैठा हुआ था। वाहन को दुकान के अंदर घुसता देख वहां अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद आरोपियों ने वाहनों से उतरकर दुकान के अंदर ही फैजुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। दुकान में चीख-पुकार सुनकर फैजुल की पत्नी, मां, भाई और नाबालिग बेटी भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। अचानक हुए इस घटनाक्रम से आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों की भीड़ बढ़ती देख आरोपी दुकान के अंदर घुसाए गए वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद दुकानदार और उसके परिजन सहमे हुए हैं। पीड़ित ने सोमवार रात ही पुलिस को घटना की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। फर्नीचर के बकाया रुपयों को लेकर हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पीड़ित पक्ष आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

राहत कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने वितरित कीं खतौनियां,अन्य पट्टाधारकों को भी अधिकार देने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

17 परिवारों को मिले भूमिधरी अधिकार, वर्षों का इंतजार हुआ खत्म

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज। शक्तिफार्म और कल्याणपुर गांव के 17 परिवारों को लंबे इंतजार के बाद भूमिधरी अधिकार मिल गए हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सोमवार को इन परिवारों को भूमिधरी अधिकार की खतौनियां वितरित कीं। लंबे समय से अपने पट्टों पर मालिकाना हक मिलने की उम्मीद लगाए बैठे परिवारों ने भूमिधरी अधिकार मिलने पर मंत्री का आभार जताया। जानकारी के अनुसार, शक्तिफार्म और कल्याणपुर क्षेत्र में पूर्व में विस्थापित परिवारों को पट्टे देकर बसाया गया था। इन परिवारों को जमीन पर भूमिधरी अधिकार मिलने का लंबे समय से इंतजार था। भूमिधरी अधिकार के अभाव में उन्हें अपनी जमीन के संबंध में पूर्ण अधिकार प्राप्त करने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया का इंतजार करना पड़ रहा था। परिवार लगातार अपने हक के लिए प्रयास कर रहे थे। इसके बाद सोमवार को 17 पट्टाधारकों को भूमिधरी अधिकार की खतौनियां वितरित की गईं। खतौनी मिलने से परिवारों को अपनी जमीन के संबंध में अधिकार संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने पर परिवारों में खुशी का माहौल रहा। उन्होंने इस पहल के लिए कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त किया।

अन्य पट्टाधारकों को भी अधिकार देने की तैयारी : तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि सोमवार को 17 पट्टाधारकों को भूमिधरी अधिकार की खतौनियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अन्य पट्टाधारकों को भी भूमिधरी अधिकार उपलब्ध कराने के लिए फाइलें तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए संबंधित अभिलेखों और लंबित प्रकरणों की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में अन्य पात्र पट्टाधारकों को भी भूमिधरी अधिकार मिल सकेंगे। इससे लंबे समय से अपने जमीन संबंधी अधिकारों की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को राहत मिलने की संभावना है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





खटीमा की ऐतिहासिक रामलीला में दशानन वध के साथ हुआ रावण दहन

कुंभकरण, मेघनाद और अहिरावण वध का हुआ मंचन, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्क्रीन के माध्यम से किया संबोधन; रामलीला मैदान में टीनशेड निर्माण और मंचन के लिए स्थान चिह्नित करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद की ओर से आयोजित खटीमा की ऐतिहासिक रामलीला में विजयादशमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामलीला मैदान में आयोजित दशहरा मेले में बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, माता सीता और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद रामलीला मंचन के दौरान कुंभकरण वध, मेघनाद वध, अहिरावण वध और अंत में रावण वध के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विजयादशमी के अवसर पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी के पात्रों ने रावण एवं कुंभकरण के पुतलों का दहन किया। जैसे ही रावण का पुतला धू-धूकर जलने लगा, पूरा रामलीला मैदान और पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान दर्शकों ने असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। रामलीला के दौरान रावण के अंतिम उपदेशों के माध्यम से जीवन में शुभ कार्यों को शीघ्र करने और अशुभ कार्यों को टालने का संदेश दिया गया। मंचन के जरिए यह बताया गया कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। दशहरा मेले में लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता की और पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्क्रीन के माध्यम से रामलीला मैदान में मौजूद दर्शकों को लाइव संबोधित किया तथा विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने रामलीला मैदान में विशाल टीनशेड के निर्माण और रामलीला मंचन के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित करने के संबंध में जिलाधिकारी को निर्देश देने की बात कही। इससे रामलीला आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की उम्मीद जताई गई। कार्यक्रम में विधायक भुवन कापड़ी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सचिव इंद्रेश गुंबर, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, प्रबंधक विशाल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनोज वाधवा सहित संरक्षक राजीव अग्रवाल, रमेश सिंघल, सतीश गोयल, विनोद भारती, अनिल बत्रा, राजेश गुप्ता, रंजन अग्रवाल, रमेश ढींगरा, संतोष गौरव, अजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल और अमन अरोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विजयादशमी के इस आयोजन ने एक बार फिर धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। रावण दहन के साथ ही रामलीला मैदान में उत्सव का माहौल छा गया और श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ पर्व मनाया।



रामलीला मैदान पर खड़े रावण और मेघनाथ के पुतले। -जागरण मोर्चा

संक्षेप समाचार

लखनऊ में बड़ी वारदात, चाचा ने बांके से हमला कर भतीजे की हत्या की; चाचा की हालत भी नाजुक

लखनऊ। लखनऊ के महिगवां क्षेत्र में जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद में चाचा अजय मिश्रा ने भतीजे अधिवक्ता दिव्यांशु मिश्रा पर बांके से हमला कर दिया। बचाव में अजय के बेटे अर्जुन ने पिता के सिर पर डंडा मारा। अस्पताल में दिव्यांशु की मौत हो गई, जबकि घायल अजय का इलाज जारी है। महिगवां के कुम्हरावा स्थित शुक्लन पुरवा गांव में सोमवार शाम आपसी विवाद में अजय मिश्रा ने अपने भतीजे अधिवक्ता दिव्यांशु मिश्रा (32) पर बांके से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दिव्यांशु को बचाने के लिए अजय के बेटे अर्जुन ने पिता के सिर पर डंडे से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल दिव्यांशु और अजय को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात दिव्यांशु की मौत हो गई। वहीं, घायल अजय का इलाज चल रहा है। मड़ियांव के प्रीतिनगर निवासी दिव्यांशु मिश्रा अपने माता-पिता, पत्नी गरिमा और एक साल के बेटे के साथ रहते थे। उनके साले अनिमेष पांडेय के मुताबिक, दिव्यांशु के चाचा अजय मिश्रा गांव में रहते हैं। वह अपनी जमीन बेच रहे थे, जिसका उनका बेटा अर्जुन लगातार विरोध कर रहा था। बीते तीन दिनों से अजय शराब के नशे में बेटे से झगड़ा कर रहे थे। पिता की हरकतों से परेशान अर्जुन ने चचेरे भाई दिव्यांशु को उन्हें समझाने के लिए घर बुलाया था। सोमवार को दिव्यांशु एक्टिवा से चाचा के घर पहुंचे। उन्होंने अजय को जमीन बेचने से मना करते हुए समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि शराब के नशे में अजय भतीजे से झगड़ने लगे और हाथापाई करने लगे। दिव्यांशु ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो अजय ने बांके से उनके चेहरे और सिर पर कई वार कर दिए। हमले में दिव्यांशु खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े।

श्रद्धा दुबे पर अखिलेश ने सरकार को घेरा, बोले- यह सामान्य केस नहीं, इसमें नामचीन और रसूखदार शामिल



लखनऊ। लखनऊ के कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में श्रद्धा दुबे की गिरफ्तारी न होने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सामान्य मामला नहीं है और इसमें नामचीन व रसूखदार लोगों के शामिल होने की आशंका है। अखिलेश ने मामले की तुलना बिकरू कांड से भी की। लखनऊ के कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को सरकार पर बड़ा हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि यह सामान्य केस नहीं है। यह मामला सरकार को ले डूबेगा। माना जा रहा अखिलेश यादव का इशारा श्रद्धा हाईप्रोफाइल कनेक्शन की ओर था, जिसमें कई नामचीन और रसूखदार लोग शामिल हैं। फरारी के दौरान श्रद्धा ने पहला वीडियो जारी करते हुए नामचीन और रसूखदार से उसका नाम नहीं जोड़ने की बात कही थी। वहीं, कारोबारी शिवा को धमकाते हुए पुराने वायरल ऑडियो में भी श्रद्धा उसकी शिकायत किसी सर से करने की बातें कह रही थी। सपा मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कारोबारी की हत्या के इतने दिनों बाद भी श्रद्धा की गिरफ्तारी नहीं होने पर सवाल उठाया। इसे कानपुर के बिकरू कांड से भी जोड़ने की कोशिश की। अखिलेश ने कहा कि उस समय भी गाड़ी नहीं पलटी थी, सरकार को पलटाने से बचाया गया था। यह मामला भी उसी तरह का है। इस बड़े खुलासे में सामने आया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस की रडार पर चल रही श्रद्धा दुबे अपने साथियों के साथ आगरा के होटल ओम पैलेस में चौबीस घंटे रुकी थी. एसटीएफ और क्राइम ब्रांच के टीमों के पहुंचने से पहले ही उनका वहां से निकल जाना इस मामले को और अधिक संदिग्ध बना रहा है।

लपटों में समाया रावण, 'जय श्रीराम' का जयघोष, रामलीला मैदान में 75 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन



लखनऊ। लखनऊ में विजयदशमी पर ऐशबाग रामलीला मैदान में 75 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। श्रीराम के अग्निबाण छोड़ते ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। महानगर, खदरा और आलमबाग समेत कई स्थानों पर भी रावण दहन देखने भीड़ उमड़ी। सुरक्षा के लिए दमकल विभाग ने 46 गाड़ियां और 300 कर्मचारी तैनात किए। विजयदशमी पर मंगलवार की शाम राजधानी की रामलीलाओं में बुराई पर अच्छाई की जीत का दृश्य जीवंत हो उठा। ऐशबाग से लेकर महानगर, मौसमगंज, खदरा, सदर और आलमबाग रेलवे मैदान तक रावण दहन देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। शाम ढलते ही रामलीला मैदानों में उत्सव का रंग गहराने लगा। बच्चों की उत्सुक निगाहें रावण के पुतले पर टिकी थीं तो बड़े मोबाइल कैमरों में इस पल को सहेजने में जुटे रहे। ऐतिहासिक ऐशबाग रामलीला मैदान में रावण दहन से पहले भव्य और ईकोफैंडली आतिशबाजी ने माहौल को और रोमांचक बना दिया। जैसे ही श्रीराम ने 75 फीट लंबे रावण के पुतले की ओर अग्निबाण छोड़ा, पुतले में आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते रावण धू-धू कर जल उठा। इसके साथ ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आतिशबाजी की चमक, लपटों की रोशनी और हजारों लोगों के उल्लास ने शाम को यादगार बना दिया।

विवाद के बीच दशहरा मेला 10 से 12 दिन बढ़ाने का आदेश, दुकानें लगाने की तैयारी शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर में नगर पालिका और रामलीला कमेटी के विवाद के बीच दुकानदारों की मांग पर दशहरा मेले की अवधि 10 से 12 दिन बढ़ा दी गई है। पालिका अध्यक्ष और ईओ ने दुकानदारों की समस्याएं सुनीं। पालिका अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि इस अवधि में दुकानदारों को हटाया नहीं जाएगा।

लखीमपुर खीरी में नगर पालिका और रामलीला कमेटी के बीच विवाद के चलते प्रभावित हो रहे ऐतिहासिक दशहरा मेले पर मंगलवार को बड़ा फैसला लिया गया। सभी मेला दुकानदार नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और कारोबार के लिए कम समय मिलने से नुकसान की आशंका जताई। पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव और ईओ संजय कुमार ने दुकानदारों की समस्याएं सुनीं। वार्ता के बाद मेले की अवधि 10 से 12 दिन बढ़ाने का लिखित आदेश जारी कर दिया गया। हालांकि नगर पालिका में थोड़ी देर बाद कुछ दुकानदार नाराज होकर बाहर निकल आए। बाद में नगर पालिका कर्मचारी और जेई समरा सईद ने उन्हें समझाकर वापस बुलाया तब जाकर दोबारा बातचीत हो सकी। दुकानदारों की मुख्य मांग थी कि मेले का समय बढ़ाया जाए, ताकि वे अपना कारोबार कर नुकसान की भरपाई कर सकें। पालिका अध्यक्ष ने इसी किराये पर दुकानदारों को अतिरिक्त समय देने की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि इस अवधि में दुकानदारों को हटाया नहीं जाएगा। आदेश की प्रति जिला प्रशासन को भी भेजी जाएगी।



पालिका अध्यक्ष से मिले दुकानदार। -जागरण मोर्चा

शिवा शर्मा हत्याकांड में मॉडल श्रद्धा दुबे नागपुर से गिरफ्तार, बहन और ड्राइवर भी पकड़े गए

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में फरार चल रही मॉडल श्रद्धा दुबे को नागपुर से गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने उसकी बहन और ड्राइवर दानिश को भी हिरासत में लिया है। तीनों को लखनऊ लाकर पूछताछ किए जाने की बात कही गई है।

कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में फरार चल रही मॉडल श्रद्धा दुबे को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने श्रद्धा के साथ उसकी बहन और ड्राइवर दानिश को भी हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि तीनों को मंगलवार को ही लखनऊ लाया जाएगा। श्रद्धा 11 दिन से फरार थी। वह लखनऊ से सीतापुर होते हुए बहराइच के रास्ते नेपाल पहुंच गई थी। दरअसल, 9 अक्टूबर 2026 को थाना हजरतगंज पर वादिनी रंजना शर्मा की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के बाद से ही आरोपी श्रद्धा दुबे, रश्मि दुबे और चालक दानिश फरार चल रहे थे, जिन पर पुलिस की ओर से 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे की गिरफ्तारी को लेकर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर लखनऊ कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।



सुरई रेंज में बाघ की सक्रियता बढ़ी, वन विभाग की गश्त तेज



गश्त करती वन विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी की सुरई रेंज में शीत ऋतु की शुरुआत के साथ आबादी वाले क्षेत्रों में बाघ की सक्रियता बढ़ने की सूचना है। खटीमा के ग्राम बनगवां, रघुलिया और उत्तर प्रदेश सीमा से लगे इलाकों में बाघ की आवाजाही को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है।ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने टीमें गठित कर क्षेत्र में गश्त तेज कर दी है। विभागीय टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका को कम किया जा सके। वन विभाग की सतर्कता के बीच ग्रामीणों से भी सावधानी बरतने और बाघ की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

वार्ड-19 वृंदावन में सड़कों के निर्माण को लेकर पालिका अध्यक्ष ने दिए निर्देश

वार्डवासियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं, जल्द समाधान का दिया भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड संख्या 19 वृंदावन कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण कर क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में सड़कों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वह स्वयं वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि समस्याओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने वार्डवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान वार्डवासियों ने पालिकाध्यक्ष के मौके पर पहुंचकर समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के स्वयं क्षेत्र में पहुंचने से समस्याओं के समाधान की उम्मीद बढ़ती है और विकास कार्यों को गति मिलती है। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि आनु दरियाल, विजय कुमार, राज सिंह, कमान सिंह, पार्वती धामी, तारा धामी, सरिता राणा, उदीमां धामी, निर्मला पुजारी, पुष्पा चुफाल, बसंत सिंह धामी, गोविंद सिंह, नवीन पुजारी, विनीत राणा सहित अनेक वार्डवासी मौजूद रहे।



वार्ड- 19 वृंदावन कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण कर क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी। -जागरण मोर्चा

श्रद्धा दुबे की 'नवाबी' का वीडियो आया सामने, कार में आगे बैठना चाहती थी, पुलिस ने पीछे बैठाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में गिरफ्तार श्रद्धा दुबे पुलिस से बचने के लिए बुर्का पहनती और टैक्सी से सफर करती थी। एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक, वह एक जगह ज्यादा देर नहीं रुकती थी। श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और चालक दानिश को नागपुर से पकड़ा गया। मामले की जांच जारी है।

लखनऊ के करोड़पति कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में गिरफ्तार मॉडल श्रद्धा दुबे को लेकर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि श्रद्धा पुलिस से बचने के लिए बुर्के में रहती थी, टैक्सी का इस्तेमाल करती थी और किसी एक जगह पर ज्यादा देर तक नहीं रुकती थी। गिरफ्तारी के बाद वह गाड़ी में पीछे बैठने से भी मना कर रही थी।

वहीं, मॉडल श्रद्धा दुबे का एक वीडियो सामने आया है। गिरफ्तारी के बाद गाड़ी में बैठने को लेकर उसका रवैया चर्चा में है। बताया जा रहा है कि श्रद्धा गाड़ी में आगे की सीट पर बैठना चाहती थी, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पीछे बैठाया। श्रद्धा दुबे को मंगलवार को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने नागपुर से गिरफ्तार किया। उसके साथ उसकी बहन रश्मि दुबे और चालक दानिश को भी हिरासत में लिया गया। तीनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। शिवा शर्मा की मौत के मामले में तीनों 11 दिन से फरार चल रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, 9 अक्टूबर 2026 को हजरतगंज थाने में रंजना शर्मा की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से ही श्रद्धा, रश्मि और दानिश की तलाश की जा रही थी।



पुलिस की गिरफ्त में श्रद्धा दुबे। -जागरण मोर्चा

जिसे अजगर समझ पकड़ रहे थे लोग, वह निकला बेहद जहरीला रसेल वाइपर सांप

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में मंगलवार को पलिया देहात ब्लॉक के पास एक विशालकाय सांप देखा गया। स्थानीय लोग उसे अजगर समझकर पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर पहुंचे वन्यजीव रक्षक ने बताया कि यह सांप अजगर नहीं, बल्कि बेहद जहरीला रसेल वाइपर है। उन्होंने सावधानी बरतते हुए सांप का रेस्क्यू किया। लखीमपुर खीरी के पलिया देहात ब्लॉक के समीप मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब झाड़ियों के पास एक विशालकाय सांप दिखाई दिया। स्थानीय लोग शुरुआत में उसे अजगर समझ बैठे और खुद ही पकड़ने का प्रयास करने लगे। हालांकि गनीमत रही कि कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और लोग समय रहते किसी बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए।

कार्यक्रम कवियों ने गीत, गजल और छंदों के माध्यम से रामभक्ति, प्रेम और सामाजिक सरोकारों को किया अभिव्यक्त

रामनवमी एवं विजयादशमी पर सजी काव्य की महफिल, कवियों ने बांधा समां

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्था खटीमा के सौजन्य से रामनवमी एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सभागार में भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। भानु प्रताप कुशवाहा एवं राम रतन यादव के संयोजन में आयोजित गोष्ठी में कवियों ने गीत, गजल, मुक्तक और छंदों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेंद्र प्रताप पांडेय 'नंद' ने की। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा मुख्य अतिथि तथा कैलाश पांडेय और डॉ. जगदीश पंत 'कुमुद' विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राम रतन यादव ने मां सरस्वती की वंदना 'विनती है मां शारदे, जगमग हो संसार, अंधियारा जग का मिटे, सब मिल बांटें प्यार' से किया। कवि भानु प्रताप कुशवाहा ने सत्य और शब्दों की शक्ति को रेखांकित करते हुए कहा, 'शब्द हमारे शंख बने अब, सत्य हमारा स्वर हो जाए।' डॉ. महेंद्र प्रताप पांडेय 'नंद' ने बचपन की यादों को कविता में पिरोया, वहीं डॉ. जगदीश पंत 'कुमुद' ने रावण के पुतले जलाने की परंपरा के माध्यम से समाज की विसंगतियों पर कटाक्ष किया।दीपक फुलेरा 'बेबाक' ने मर्यादा और सामाजिक परिस्थितियों पर अपनी रचना प्रस्तुत की। राम रतन यादव ने हिमालय की पीड़ा को स्वर देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हेमा जोशी 'परु' ने भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। दया भट्ट, शांति देवी, दीपक यादव और माया नवीन जोशी ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। इसके अलावा कैलाश पांडेय, श्यामवीर सिंह 'चातक', कुमारी मित्रा, कुमारी रोशिता, दिलीप पांडेय, मुर्तजा और ईफा सहित अन्य रचनाकारों ने काव्य पाठ कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। कविताओं में रामभक्ति, प्रेम, नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का कुशल संचालन राम रतन यादव ने किया। गोष्ठी ने साहित्य और संस्कृति के माध्यम से भारतीय परंपराओं तथा सामाजिक मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाने का संदेश दिया।



उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्था खटीमा के सौजन्य से रामनवमी एवं विजयादशमी पर गोष्ठी आयोजित। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





पीलीभीत

11

लखनऊ, बुधवार, 21 अक्टूबर 2026

एक नजर

रामायण देखने गया परिवार, किशोरी को ले गया युवक

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने वताया कि 17 अक्तूबर को वह पूरे परिवार के साथ गांव में हो रही रामायण देखने गया था। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक रात करीब 12 बजे उसके घर पहुंचा और बहलाफुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। वापस आने पर किशोरी घर पर नही मिली तो परिवार के होश उड गए। आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में युवक के अलावा दो अन्य लोग भी शामिल है। काफी तलाश के बाद भी कोई पता नही चल सका, मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस युवक बबलू, रोहित और आरिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्या ने बताया कि मामले में किशोरी को बरामद करने को पुलिस को निर्देश दिए है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई गुब्बारा विक्रेता की मौत, परिवार में मचा कोहराम

रामलीला रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक, रामासरे।


मृतक, अभिषेक।

बीसलपुर : रामलीला रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गुब्बारा विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बीसलपुर के गजरौला निवासी रामासरे (39) गुब्बारे बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया गया कि वह रविवार को आसपास के गांवों में गुब्बारे बेचने के लिए साइकिल से निकले थे। शाम को घर लौटते समय वह रामलीला रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल की पहचान कर स्वजन को जानकारी दी और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन के अनुसार, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रामासरे ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की सूचना मिलने पर स्वजन बिलख पड़े। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, इलाज के दौरान मौत

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर भजा निवासी अनिल कुमार का 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार बीती राज बीसलपुर किसी काम से आया था वह अपने घर देर रात्रि वापस जा रहा था तभी बीसलपुर बरेली रोड पर स्थित कचहरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवारी युवक रोड पर गिरकर घायल हो गया घायल को पुलिस द्वारा बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत की सूचना परिजनों को लगता ही परिवार में चीख पुकार मच गई फिलहाल पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचायत नामा भरकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

आगामी त्योहारों के लिए सामान पसंद करने व एडवांस बुकिंग बाजार में जुटी भीड़

पीलीभीत। नवरात्र समापन व आगामी त्योहार को देखते हुए शहर के बाजार में इन दिनों खरीदारी के लिए चहल-पहल बढ़ गई है। इलेक्ट्रिक, ऑटोमोबाइल, क्रॉकरी आदि की दुकानों पर ग्राहक सामान पसंद करने व एडवांस बुकिंग के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी भी पहले से बढ़ गई है। लक्ष्मी टॉकीज, चावला चौराहा, जेपीरोड पर ज्यादा चहल-पहल देखी जा रही है। व्यापारियों ने अभी से ग्राहकों की आवजाही बढ़ती देखकर आगामी त्योहार तक अच्छे कारोबार की उम्मीद जताई है। आगामी करवा चौथ, दिवाली आदि त्योहारों की लोगों ने अब तैयारियां शुरू कर दी हैं। महंगे व अच्छे क्वालिटी के सामान लेने के लिए महिलाएं अभी से बाजार पहुंचकर सामान का मोलभाव कर रही हैं व आने वाले दिनों बाजार में भीड़ बढ़ने की आशंका में अभी से बड़े इलेक्ट्रिक सामान, किचन के ऑवन, वाशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी आदि की एडवांस बुकिंग कर रही हैं।

माधोटांडा-लोधीपुर मार्ग की पुलिया अधूरी, ग्रामीणों का आवागमन ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिया निर्माण की वजह से रास्ते की दिक्कत का दृश्य। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। माधोटांडा-लोधीपुर मार्ग पर स्थित पुलिया का निर्माण कार्य कई महीनों से अधूरा पड़ा होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने के साथ ही आवागमन के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता भी नहीं बनाया है। इससे क्षेत्र के कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ता बंद होने के कारण पैदल चलने और मोटरसाइकिल से निकलने में भी परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों, बीमार बुजुर्गों और रोजाना काम पर जाने वाले लोगों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य में देरी और वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पीलीभीत को प्रार्थना पत्र देकर पुलिया निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल अस्थायी क्रॉसिंग या कच्चा रास्ता बनवाकर पैदल यात्रियों और मोटरसाइकिल सवारों के लिए आवागमन शुरू कराया जाए। साथ ही निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की गई है। मांग करने वालों में फरजंद खान, खुशनूद खान, नदीम खान, कपिल कुमार, मुजाहिद खान, मुकेश भारती, राहुल गुप्ता, अजहर बेग, आशिक मंसूरी, नईम खान, विनोद मिश्रा, रवि वर्मा शामिल हैं।

लखनऊ आंदोलन की तैयारी में जुटीं आशा वर्कर्स

संगिनी ने गांधी पार्क में बनाई अपनी रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय


रणनीति बनाने के दौरान मौजूद आशा वर्कर्स। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। नगर के गांधी पार्क में मंगलवार दोपहर को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन से जुड़ी आशा वर्कर्स और संगिनी ने बैठक कर आगामी 23 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले महापड़ाव में शामिल होने की रणनीति तैयार की। बैठक में लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। यूनियन की ओर से जारी मांगपत्र के अनुसार, 7 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री और यूनियन पदाधिकारियों के बीच हुई समझौता वार्ता में 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन उनका पूरी तरह पालन नहीं होने का आरोप लगाया गया है। इसी के विरोध में राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में महापड़ाव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। आशा कर्मियों ने राज्यांश बढ़ाने, आशा और संगिनी को न्यूनतम वेतन देने, मातृत्व अवकाश, स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, ईपीएफ, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी और विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों में किए गए कार्यों की लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराने की मांग भी शामिल है। यूनियन ने आशा कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, संगिनी को यात्रा भत्ता देने और डाटा फीडिंग के लिए बेहतर मोबाइल व इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष इदरीशन बेगम, राखी, सुमन, सीता, रिंकी, विमला, मीना, सौभा रानी, सविता, वेवी सहित आदि मौजूद रही।

फर्जी फर्मों के जरिए किया करोड़ों का खेल, साढ़े तीन साल बाद आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


आरोपी अंकित कांडा। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। एसटीएफ मेरठ ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अंकुर कांडा को जयपुर से गिरफ्तार किया है। उस पर पीलीभीत के व्यापारी के पैन कार्ड और दस्तावेज का इस्तेमाल कर फर्जी फर्में खोलने का आरोप है। इन फर्मों के नाम पर करोड़ों रुपये का कारोबार दिखाकर सरकारी राजस्व को चपत लगाई गई।

फर्जी फर्में खोलने और उनके नाम पर करोड़ों रुपये का कारोबार दिखाकर सरकारी राजस्व को चपत लगाने के मामले में एसटीएफ मेरठ ने एक आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अंकुर कांडा है। उसने पीलीभीत के कारोबारी के पैन कार्ड का इस्तेमाल किया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के करीब साढ़े तीन साल बाद वह पुलिस के हाथ लगा। तीन जनवरी 2023 को पीलीभीत कोतवाली में दर्ज मुकदमे का खुलासा नहीं होने पर डीजीपी के निर्देश पर इसकी विवेचना एसटीएफ को सौंपी गई थी। जांच में फर्जी फर्मों, ई-वे बिल और बैंक खातों के जरिये रकम के लेनदेन का मामला सामने आया।

शहर की नवीन मंडी में फरमान एंड सन्स नाम से फर्म चलाने वाले मोहम्मद फरमान को आयकर विभाग से नोटिस मिला था। इसमें उनके पैन नंबर के जरिये करोड़ों रुपये का कारोबार होने की जानकारी दी गई। फरमान ने अपने स्तर से जानकारी जुटाई तो पता चला कि उनके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दिल्ली में रायन इंटरनेशनल और फुटनेक्स्ट इंटरनेशनल नाम से फर्जी फर्में बनाई गई थीं। इन फर्मों के जीएसटी नंबर पर हुए कारोबार का ब्योरा उनके फॉर्म 26एएस में भी दर्ज था। इसके बाद उन्होंने आयकर विभाग और पुलिस को सूचना दी।

एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी अंकुर कांडा अपने साथी के साथ एशिया बिटुमन नाम से फर्म चलाकर बिटुमिन ट्रेडिंग करता था। पूछताछ में सामने आया कि वर्ष 2017-18 में दिल्ली में कुछ लोगों के संपर्क में आने के बाद वह कथित तौर पर रायन इंटरनेशनल के फर्जी बिलों के जरिये लेनदेन करने लगा। आरोप है कि फर्जी ई-वे बिल के आधार पर कारोबारी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अनुचित लाभ लेते थे। इस प्रक्रिया में बैंक खातों के माध्यम से रकम का लेनदेन किया जाता था।

एसटीएफ की पूछताछ के अनुसार, फर्जी फर्मों के नाम पर आईडीबीआई, यस बैंक समेत अन्य बैंकों में खाते खोले गए थे। फर्जी बिलों के आधार पर रकम इन खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी। इसके बाद रकम को दूसरे खातों या हवाला के जरिये वापस करने और बीच में कमीशन काटने की बात सामने आई है। इस तरह फर्जी बिलों के आधार पर आईटीसी का लाभ लेने का आरोप है। एसटीएफ अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और लेनदेन की कड़ियों की जांच कर रही है। मामले की जांच एसटीएफ मेरठ की फील्ड इकाई कर रही थी। 18 अक्तूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित अंकुर कांडा निवासी सी-32 पलासिया अपार्टमेंट, ए-2 पृथ्वीराज रोड सी स्कीम, थाना अशोक नगर, जयपुर राजस्थान में मौजूद है।

जगंली हाथियों की आवाजाही बढने से किसान चिंतित

जागरण मोर्चा कार्यालय



पूरनपुर। जंगली हाथियों की आवाजाही बढ़ने से किसानों और जंगल से सटी आबादी के लोगों व किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले दो दिनों से हाथियों का एक झुंड तार फेंसिंग तोड़कर परशुरामपुर गोशाला के पास पहुंच गया। आसपास के खेतों में हाथियों के बार-बार आने से उनके रास्ते बन गए हैं। हालांकि वन विभाग की टीम ने निगरानी शुरू कर दी है,गोशाला के कर्मचारी भी हाथियों की मौजूदगी से डरे हुए हैं। वे रात में पटाखे छोड़कर हाथियों को दूर रखने की कोशिश कर रहे हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल सीमित क्षेत्र में फैला है। जंगल से सटे इलाकों में आबादी और खेती होने के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बना हुआ है। हाथियों के खेतों में पहुंचने से फसलों को नुकसान होने की आशंका भी है। पिछले एक सप्ताह से हाथियों का झुंड बराही, महोफ के जंगल में डेरा जमाए हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि इससे निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाना चाहिए। कुछ वर्ष पहले भी तत्कालीन फील्ड डायरेक्टर एच. राजा मोहन ने हाथियों को नेपाल की ओर खदेड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया था। उस समय कोलकाता से विशेषज्ञ टीम बुलाई गई थी। काफी प्रयासों के बाद हाथियों को शारदा नदी पार नेपाल की ओर भेज दिया गया था।

बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी। -जागरण मोर्चा

बीसलपुर। थाना दियोरिया कलां पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त कपिल उर्फ दुर्विजय को ईदगाह चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ईको गाड़ी (संख्या UP26 BA 9350) भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 19 अक्टूबर 2026 को क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर दी थी कि आरोपी उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। इस शिकायत पर थाना दियोरिया कलां में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अपहृता को बरामद कर लिया तथा बयानों के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 की बढ़ोतरी की। गिरफ्तार अभियुक्त कपिल उर्फ दुर्विजय, जो कि ग्राम पिपरिया संजरपुर का रहने वाला है, को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

अव्यवस्था दवा वितरण व्यवस्था हो रही प्रभावित, चीफ फार्मासिस्ट के पांच व फार्मासिस्ट के तीन पद खाली

जिला अस्पताल के पास नहीं हैं खुद के फार्मासिस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



पीलीभीत। जिला अस्पताल का नया दो सौ बेड का भवन आम मरीजों के लिए संचालित कर दिया गया है, लेकिन कर्मचारियों के बिना वहां अव्यवस्थाएं हावी हैं। तीन चीफ फार्मासिस्ट के सेवानिवृत्त के बाद जिला अस्पताल पर खुद के नियमित फार्मासिस्ट ही नहीं हैं। महिला अस्पताल से दो फॉर्मासिस्ट से दवा भंडार कक्ष, दवा वितरण कक्ष आदि की अतिरिक्त ड्यूटी ली जा रही है। दवा बांटने के लिए मेडिकल कॉलेज की ओर से प्रशिक्षु फार्मासिस्ट को विकल्प बनाया गया है। दवाओं की अधूरी जानकारी के चलते प्रशिक्षु फार्मासिस्ट मरीजों को बाहर मेडिकल से दवा लेने का रास्ता दिखा रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भले ही जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ी हों, लेकिन पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के चलते कई सेवाएं खुद वेंटिलेटर पर हैं। जिसमें प्रमुख तौर पर जिला अस्पताल में दवाओं को आकलन, रखरखाव, दवाओं की पूर्ति आदि के लिए नियमित फार्मासिस्ट की कमी खल रही है।

दो माह पहले जिला अस्पताल से चीफ फॉर्मासिस्ट के पद पर भंडार कक्ष के प्रभारी बतौर सुरेंद्र सेवानिवृत्त हो गए। उनके बाद चीफ फार्मासिस्ट केसी मिश्रा व पूर्व में एक और फार्मासिस्ट सेवानिवृत्त हुए। जिसके बाद जिला अस्पताल में खुद का कोई फार्मासिस्ट नहीं है। ऐसे में दवा भंडार, वितरण कक्ष आदि में सेवाएं देने व दवाओं के लिए रखरखाव के लिए जिला महिला अस्पताल से दो फार्मासिस्ट अतिरिक्त ड्यूटी पर लिए गए हैं।

इससे जिला अस्पताल में दवाओं की सेवा इन दिनों प्रभावित चल रही है। दवा भंडार कक्ष व वितरण कक्ष में दो फार्मासिस्ट की तैनाती दिखती है, जबकि वितरण काउंटर पर लगभग 15 प्रशिक्षु फार्मासिस्ट दवाएं वितरण करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को प्रशिक्षु फार्मासिस्टो से हो रही है, जब चिकित्सक का लिखा पर्चा लेकर मरीज दवा काउंटर पर पहुंच रहे हैं तो प्रशिक्षु लिखी दवा का नाम नहीं समझ पाते और मरीज को निजी मेडिकल से दवा लेने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल में पांच चीफ फार्मासिस्ट व तीन फार्मासिस्ट के पद खाली चल रहे हैं। हालांकि अभी भर्ती को लेकर कोई भी प्रक्रिया नहीं चल रही है। मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि फार्मासिस्ट सेवानिवृत्त होने के बाद जो भी पद खाली चल रहे हैं। उन पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, खाली पदों को जल्द भरा जाएगा। दवा वितरण केंद्र पर कोई सेवाएं बाधित नहीं हो रही हैं।

संक्षेप समाचार

युवक ने धोखाधडी कर भाभी के नाम करा ली जमीन, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले में दर्ज किया केस

पूरनपुर। धोखाधड़ी कर जमीन को अपनी भाभी के नाम करा लिया। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसेनापुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में उसकी मां सुरजीत कौर और ताई हरवंश कौर के नाम प्लॉट था। इसकी देखरेख में असमर्थता के चलते उसका मुख्तारेआम पूरनपुर नगर के मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी के अफसर खां को बना दिया था। इसके बाद आरोप है कि मां और ताई की मौत के बाद मुख्तारेआम अफसर खां ने अपने भाई,भाभी और गांव भवानीगंज के इतवारी के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर कूट रचित अभिलेख तैयार करा लिए। इसके बाद प्लॉट को उसने अपनी भाभी शायरा बेगम के नाम करा लिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। लेकिन कोई कार्रवाही नही हुई। इसके बाद पीडित ने कोर्ट की शरण ली,पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सुरेन्द्र की ओर से नगर के मोहल्ला गनेशगंज निवासी अफसर खां, अशरफ खां उर्फ राजू, अशरफ खां की पत्नी शायरा बेगम, गांव भावनीगंज अर्जुनपुर के इतवारी लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

गोमती उद्गम स्थल पर दशहरा महोत्सव और शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन

पूरनपुर। माधोटांडा स्थित गोमती उद्गम स्थल पर मंगलवार सुबह से ही अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से दशहरा महोत्सव एवं शस्त्र पूजन समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के लोग पहुंचकर विजयादशमी के पर्व पर परंपराओं और गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान व्यक्त कर रहे हैं। समारोह में सुबह दस बजे हवन, 11 बजे शस्त्र पूजन तथा दोपहर 12 बजे भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निर्धारित है। मुख्य अतिथि के रूप में कटरा (शाहजहांपुर) के विधायक वीर विक्रम सिंह (प्रिंस), मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह तथा कार्यक्रम अध्यक्ष कर्नल बच्चन सिंह राणा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं समन्वयक, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) शामिल हो रहे हैं।आयोजकों की ओर से स्वजातीय बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित समारोह में शस्त्र पूजन के साथ समाज की सांस्कृतिक परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को याद किया जा रहा है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को ले गया युवक

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बीएड की छात्रा बेटी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।शिकायत के अनुसार, युवती 14 अक्टूबर को रोज की तरह ट्रेन से पूरनपुर स्थित एक महाविद्यालय पढ़ने आई थी। छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कॉलेज से पता चला कि वह पढ़ने नहीं आई थी, जबकि साथ पढ़ने वाली छात्राओं से जानकारी मिली कि वह फार्म जमा करने के बहाने पूरनपुर में रुक गई थी। पिता ने आरोप लगाया कि प्रसादपुर निवासी उत्सव मौर्य नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को अपने साथ ले गया। उन्होंने उत्सव के पिता, मां और भाइयों पर भी सहयोग करने का आरोप लगाया है। पिता के मुताबिक, युवती सोने के कुंडल, सोने की चेन और चांदी की पायल पहने थी। उन्होंने बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में उत्सव मौर्य, श्रीपाल, सुशीला देवी और आरोपी युवक के भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया

दियोरिया कला। नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का ही एक आरोपी बहला फुसलाकर भगा ले गया है पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सूरज पुत्र रामौतार कश्यप निवासी बरखेड़ा कटा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

रामलीला मेले में छात्रों के दो गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

बीसलपुर : नगर में चल रहे श्री रामलीला मेले के दौरान छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद हरकत में आई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिनों मेले में घूमने आए कुछ छात्रों के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया था। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के युवक आपस में भिड़ गए और बेल्टों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस हंगामे के दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल से रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और वीडियो के आधार पर मुहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी निखिल व बॉबी को चिह्नित कर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

दो साल से फरार चल रहा आरोपी पति गिरफ्तार, देवर की तलाश जारी

बीसलपुर : दहेज उत्पीड़न और जबरन तेजाब पिलाकर बहू की हत्या करने के मामले में दो साल से फरार चल रहा आरोपी पति को बीसलपुर पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला करमापुर माफी गांव का है। गांव निवासी फूलबाबू की बहन नन्हीं बेगम का निकाह दो वर्ष पूर्व दातागंज (बदायूं) के गांव मलिकपुर निवासी शाकिर के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर पीड़िता के साथ मारपीट करते थे। इस संबंध में 14 सितंबर 2024 को पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि इसके बाद नवंबर 2024 में पति शाकिर, देवर मो. खुशबू उर्फ बबलू और सास रुकसाना ने एक राय होकर नन्हीं बेगम को जबरन तेजाब पिला दिया। गंभीर हालत में उसे बरेली के नवोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फरार चल रहे पति शाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, मामले में नामजद देवर अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

बीसलपुर पुलिस ने जुआ खेलते छह अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 13 हजार से अधिक नकदी बरामद

बीसलपुर : अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बीसलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में बीसलपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर जुआ खेल रहे छह अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को समय दोपहर करीब 2:10 बजे मुखबिर की सूचना पर सफौरा बाजार के पास एक बाग में छापेमारी की गई। वहां जुआ खेल रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से 13,210 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके से रजवेश कुमार पुत्र सालिकराम, जवाहर पुत्र राम सिंह, दिनेश पाल पुत्र प्रहलाद पाल, वेदपाल पुत्र ख्यालीराम, निवासीगण ग्राम सफौरा, रियाजुद्दीन पुत्र अमीर बख्श, निवासी मो0 ग्यासपुर, ताहिर पुत्र छोटे, निवासी ग्राम जसकरनपुर को गिरफ्तार किया गया है।

कम लोड फैक्टर वाले मार्गों पर चालक-परिचालक होंगे चिह्नित, मांगा जाएगा स्पष्टीकरण

पीलीभीत। रोडवेज डिपो की आय बढ़ाने और बसों के संचालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए विभागीय स्तर पर कवायद शुरू की गई है। इसके तहत कम लोड फैक्टर वाले मार्गों को चिह्नित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही इन मार्गों पर संचालित बसों के चालक-परिचालकों से स्पष्टीकरण भी लिया जाएगा। रोडवेज की आय में बढ़ोतरी के लिए लोड फैक्टर को महत्वपूर्ण माना जाता है। जिन मार्गों पर बसों में यात्रियों की संख्या कम रहती है, वहां लोड फैक्टर प्रभावित होता है। इससे विभाग को अपेक्षित आय नहीं मिल पाती है। ऐसे में अफसरों की ओर से संबंधित मार्गों को चिह्नित कर वहां बसों के संचालन की स्थिति की समीक्षा करने को कहा गया है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



भारत ने 92 रनों से जीता तीसरा टी20 मैच

मंधाना युग का शानदार आगाज, जिम्बाब्वे के खिलाफ किया क्लीन स्वीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

रायपुर। भारत ने तीसरे टी20 में जिम्बाब्वे को 92 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला टीम की यह पहली सीरीज जीत है। रायपुर में खेले गए मुकाबले में शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर के अर्धशतकों की मदद से भारत ने 216 रन बनाए, जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी।

भारत ने तीसरे और आखिरी टी20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 92 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही स्मृति मंधाना की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने पहली बार सीरीज अपने नाम की। मंगलवार को रायपुर में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत कौर की दमदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर 20 ओवर में 216 रन बनाए। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 124 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्होंने 41 गेंदों में नाबाद 91 रन बनाए। उनकी पारी में 10 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। इस तरह उन्होंने कुल 15 बाउंड्री लगाईं। हरमनप्रीत ने पारी के आखिरी ओवरों में तेजी से रन जुटाए और भारतीय टीम को 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वह शतक के करीब पहुंचकर भी नाबाद लौटीं।

भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 37 गेंदों में 69 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। शेफाली ने हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 84 रन की अहम साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारतीय पारी को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली वर्मा और अनुष्का शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 5.2 ओवर में 54 रन की साझेदारी हुई। अनुष्का शर्मा ने 20 गेंदों में 28 रन बनाए। उनकी पारी में 5 चौके शामिल रहे। इसके बाद निकी प्रसाद 9 रन बनाकर आउट हो गईं। शुरुआती विकेट गिरने के बावजूद शेफाली और हरमनप्रीत ने रन गति को धीमा नहीं पड़ने दिया। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी में बिलव्ड बिजा सबसे सफल रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 50 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं, नोमवेलो सिबांडा, तेंडाई मकुशा और न्याशा ग्वानजुरा को एक-एक विकेट मिला। हालांकि, भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के सामने जिम्बाब्वे की गेंदबाजी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने से नहीं रोक सकी।

भारतीय टीम ने इस मुकाबले के लिए श्री चरणी को आराम दिया है, जबकि उनकी जगह प्रेमा रावत को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। भारत ने शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर तीन मैचों की टी20 सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली है। अब टीम की नजर तीसरा मैच जीतकर सीरीज में क्लीन स्वीप करने पर है।

बेटियों का राज, स्मृति के नेतृत्व में नई शुरुआत



दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत : शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना (कप्तान), अनुष्का शर्मा, हरमनप्रीत कौर, निकी प्रसाद, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, नंदिनी शर्मा, क्रांति गौड़ और प्रेमा रावत।

जिम्बाब्वे : केलिस नधलोवु, बिलव्ड बीजा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, शार्ने मेयर्स, जोसेफिन नोकोमो (कप्तान), न्याशा ग्वांजुरा, मोडेस्टर मुपाचिकवा (विकेटकीपर), कुडजई चिगोरा, लॉरीन फिरी, तेंदाई मकुशा और नोमवेलो सिबांडा।

आईसीसी रैंकिंग: जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन का नंदिनी-क्रांति को मिला फायदा, वनडे में मेगन शट-एलिस पेरी चमकीं

जागरण मोर्चा कार्यालय





नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा महिला क्रिकेट रैंकिंग में नंदिनी शर्मा 26 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 45वें और क्रांति गौड़ नौ स्थान ऊपर चढ़कर 43वें नंबर पर पहुंच गई हैं। शेफाली वर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर बरकरार हैं।

आईसीसी की ताजा महिला क्रिकेट रैंकिंग में भारतीय गेंदबाज नंदिनी शर्मा और क्रांति गौड़ को बड़ा फायदा हुआ है। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम दोनों खिलाड़ियों को मिला। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की मेगन शट, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने भी रैंकिंग में सुधार किया है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो टी20 मुकाबलों में तीन विकेट लेने वाली भारतीय तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 26 स्थान की छलांग लगाई है। वह अब 45वें नंबर पर पहुंच गई हैं। पहले मुकाबले में उन्होंने 11 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। इस प्रदर्शन के बाद नंदनी के रेटिंग अंक करियर के सर्वश्रेष्ठ 507 तक पहुंच गए हैं। वहीं, क्रांति गौड़ ने शुरुआती दो मैचों में एक-एक विकेट लिया। इसके दम पर वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर 43वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

भारतीय बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में 25 गेंदों पर 55 रन की तूफानी पारी खेलने वाली शेफाली वर्मा चौथे स्थान पर बरकरार हैं। दीप्ति शर्मा को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। सीरीज के पहले मैच में 37 गेंदों पर 49 रन बनाने के बाद वह एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 37वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

सीरीज में पिछड़ने के बावजूद जिम्बाब्वे की महिला खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत प्रदर्शन के दम पर रैंकिंग में सुधार किया है। केलिस न्दलोवु तीन स्थान ऊपर चढ़कर 64वें नंबर पर पहुंच गई हैं। चिपो मुगेरी-तिरिपानो सात स्थान की छलांग के साथ 73वें नंबर पर हैं, जबकि जोसेफिन न्कोमो 91वें स्थान पर पहुंच गई हैं। पहले टी20 मुकाबले में 33 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाने वाली शार्ने मायर्स को भी बड़ा फायदा हुआ है। वह 19 स्थान ऊपर चढ़कर 96वें नंबर पर पहुंच गई हैं और शीर्ष 100 बल्लेबाजों में वापसी की है।

न्यूजीलैंड की जॉर्जिया प्लिमर और मैडी ग्रीन ने भी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत की है। नॉर्थ सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार साझेदारी करने वाली प्लिमर 13 स्थान ऊपर चढ़कर 48वें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, मैडी ग्रीन तीन स्थान के सुधार के साथ 34वें नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 16वें स्थान पर बनी हुई हैं। न्यूजीलैंड की गेंदबाजों को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। जेस केर पांच स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर पहुंच गई हैं। ब्री इलिंग छह स्थान की छलांग के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें स्थान पर हैं। वहीं, नैन्सी पटेल पांच स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 35वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं।

महिला वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन का इनाम हासिल किया है। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में अहम भूमिका निभाने वाली तेज गेंदबाज मेगन शट महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को भी वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह चार स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

रणजी ट्रॉफी राउंड-अप: सरफराज खान का शतक, महाराष्ट्र की विशाल बढ़त; तमिलनाडु और बंगाल ने दर्ज की जीत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर में सरफराज खान ने मुंबई के लिए 154 रन बनाए, जबकि महाराष्ट्र ने झारखंड के खिलाफ 358 रनों की पहली पारी की बढ़त हासिल की। तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और 66 रन से, बंगाल ने सर्विसेज को 60 रन से, बड़ौदा ने बिहार को 10 विकेट से, विदर्भ ने जम्मू-कश्मीर को तीन विकेट से और उत्तर प्रदेश ने गोवा को 68 रन से हराया। दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ 285 रनों की बढ़त बना ली, जबकि राजस्थान के 497 रनों के जवाब में रेलवे संघर्ष कर रहा है।

रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबलों में मंगलवार को कई रोमांचक नतीजे देखने को मिले। मुंबई के लिए सरफराज खान ने 154 रनों की शानदार पारी खेलकर हिमाचल प्रदेश के खिलाफ टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वहीं, महाराष्ट्र ने झारखंड के खिलाफ पहली पारी में 358 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और 66 रनों से हराकर मुकाबला अपने नाम किया, जबकि बंगाल ने सर्विसेज को 60 रनों से शिकस्त दी। दूसरी ओर, बड़ौदा, विदर्भ और उत्तर प्रदेश ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

बिलासपुर में खेले जा रहे एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में मुंबई ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 528 रन बनाकर घोषित की। भारत के बल्लेबाज सरफराज खान ने 228 गेंदों पर 154 रन बनाए, जिसमें 19 चौके शामिल रहे। विकेटकीपर-बल्लेबाज आकाश आनंद ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 239 गेंदों पर 117 रन की पारी खेली। सरफराज और सिद्धेश लाड के बीच चौथे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद सरफराज ने आकाश आनंद के साथ पांचवें विकेट के लिए 210 रन जोड़कर मुंबई को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। सिद्धेश लाड ने भी 87 रनों का योगदान दिया। जवाब में हिमाचल प्रदेश ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 144 रन बना लिए थे। टीम अभी भी मुंबई से 244 रन पीछे है। स्टंप्स के समय पुखराज मान 38 और वैभव कालिता 21 रन बनाकर नाबाद थे।

चेन्नई में तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और 66 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहली पारी में तमिलनाडु ने 313 रन बनाए थे, जिसके जवाब में उत्तराखंड की टीम 134 रनों पर सिमट गई थी। दूसरी पारी में उत्तराखंड की टीम 113 रन ही बना सकी। तमिलनाडु के कप्तान और स्पिनर आर साई किशोर ने 34 रन देकर छह विकेट झटके और हैट्रिक लेकर मुकाबले का आकर्षण रहे। उन्होंने 43वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर लक्ष्य रायचंदानी, सौरभ रावत और आदित्य रावत को आउट किया। अजित राम ने भी चार विकेट लेकर उत्तराखंड की बल्लेबाजी को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई।

पुणे में महाराष्ट्र ने झारखंड के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 527 रन बनाकर घोषित की। टीम की ओर से अंकित बावने ने नाबाद 169 रन बनाए, जबकि रुतुराज गायकवाड़ 101 रन बनाकर नाबाद रहे। दिग्विजय पाटिल ने भी 148 रनों की शानदार पारी खेली। झारखंड की टीम पहली पारी में 169 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद दूसरी पारी में टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 130 रन बना लिए। शिखर मोहन 74 और उत्कर्ष सिंह 45 रन बनाकर क्रीज पर थे। झारखंड अभी महाराष्ट्र से 228 रन पीछे है।

नई दिल्ली के पालम मैदान पर बंगाल ने कम स्कोर वाले मुकाबले में सर्विसेज को 60 रनों से शिकस्त दी। बंगाल ने पहली पारी में 184 और दूसरी पारी में 146 रन बनाए थे। इस तरह सर्विसेज को जीत के लिए 209 रनों का लक्ष्य मिला। हालांकि, सर्विसेज की टीम दूसरी पारी में 148 रन पर ऑलआउट हो गई। बंगाल के लिए प्रदीप्त प्रमाणिक ने 48 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि शाहबाज अहमद ने तीन विकेट हासिल किए। सर्विसेज की ओर से नितिन तंवर ने 49 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत से बंगाल को छह अंक मिले।

दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ पहली पारी छह विकेट पर 648 रन बनाकर घोषित की। जवाब में गुजरात ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 363 रन बना लिए थे।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए तैयार विराट कोहली: मुंबई एयरपोर्ट पर हुए स्पॉट

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली मंगलवार को मुंबई के कलीना प्राइवेट एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान उन्होंने पपराजी के सामने पोज भी दिए। अब फैंस की नजरें न्यूजीलैंड के आगामी दौरे पर टिकी हैं, जहां कोहली के पास कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा।

विराट कोहली का मैदान के बाहर भी फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। मंगलवार को मुंबई के कलीना प्राइवेट एयरपोर्ट पर पहुंचने के दौरान कोहली का स्टाइलिश अंदाज देखने को मिला। इस दौरान वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनकी तस्वीरें खींचीं और कोहली ने भी पपराजी के सामने पोज दिए। उनकी यह तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर अब वायरल हैं। विराट कोहली फिलहाल भारतीय टीम के लिए वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में उनका शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। सीरीज के पहले वनडे मुकाबले में कोहली ने 88 गेंदों पर नाबाद 139 रन की शानदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने वनडे क्रिकेट में 15,000 रन पूरे किए और अपना 55वां वनडे शतक जड़ा। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का 86वां शतक भी था। इस मुकाबले में शुभमन गिल ने भी 110 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने 296 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। भारत ने आखिरकार यह तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की।



नहीं होगी दाल की किल्लत: नैफेड त्योहारी सीजन में बफर स्टॉक से करेगा आपूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। त्योहारी सीजन के दौरान बाजार में दालों की बढ़ती मांग और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) अब अपने बफर स्टॉक से भारी मात्रा में दालें खुले बाजार में बेचेगा। इसके लिए नैफेड के विभिन्न केंद्रों को सख्त निर्देश जारी किए जाने के साथ ही एक निश्चित डेडलाइन भी तय कर दी गई है। योजना के मुताबिक, सरकार ने अक्तूबर के अंत तक लगभग 1.9 लाख टन मूंग बाजार में उतारने का लक्ष्य रखा है, जिससे त्योहारी सीजन में ग्राहकों और खुदरा बाजारों को पर्याप्त आपूर्ति मिल सके। सूत्रों के अनुसार, अक्तूबर में जारी की जाने वाली 1.9 लाख टन मूंग साल 2025 में तैयार किए गए बफर स्टॉक का हिस्सा है, जिसे तकनीकी कारणों से पहले नहीं निकाला जा सका था। इसके अलावा, नैफेड के पास 2026 में तैयार किया गया लगभग 3.90 लाख टन मूंग का नया बफर स्टॉक भी मौजूद है। मांग और कीमतों के रुख को देखते हुए सरकार जरूरत पड़ने पर इस स्टॉक का भी इस्तेमाल कर सकती है। वहीं, 2025 के बफर स्टॉक की सोयाबीन दाल की बिक्री पिछले हफ्ते की जा चुकी है।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।